संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -144 सोमवार ,27 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## चुनाव को लेकर फिलहाल बड़े सुधार की जरूरत नहीं

### राजनीतिक दलों के साथ टकराव से बचने के लिए बनाई रणनीति

» **चुनाव आयोग वन नेशन-वन इलेक्शन, रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम), एक वोटर लिस्ट, एक सीट से ही चुनाव लड़ने की अनुमति जैसे बड़े सुधारों पर सुस्त ही रहना चाहता है**

**नई दिल्ली,26 मार्च 2023(ए)।** चुनाव सुधार की जरूरत तो महसूस की जा रही है लेकिन फिलहाल चुनाव आयोग वन नेशन-वन इलेक्शन, रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम), एक वोटर लिस्ट, एक सीट से ही चुनाव लड़ने की अनुमति जैसे बड़े सुधारों पर सुस्त ही रहना चाहता है। आयोग के सामने जो बड़ा लक्ष्य है वह 2024 का आम चुनाव है। जिसमें अब साल भर के कम का समय ही बचा है। ऐसे में आयोग अभी सुधारों का ऐसा कोई नया मोर्चा खोलने को तैयार नहीं है, जिससे राजनीतिक दलों के साथ उसका किसी तरह का टकराव बढ़े।

**चुनाव आयोग का मानना**

चुनाव आयोग ने इस बीच जो संकेत दिए है, उसके तहत प्रस्तावित इन सभी सुधारों पर 2024 के बाद ही प्रक्रिया तेज होगी। आयोग का मानना है कि किसी भी बड़े बदलाव के लिए लंबा वक्त चाहिए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम ( इलेक्ट्रानिक्स वोटिंग मशीन ) को पूरी तरह से लागू करने में भी 22 साल का वक्त लगा था। आयोग के मुताबिक ईवीएम को लेकर पहला ट्रायल 1982 में केरल में किया गया था। जबकि इसे वर्ष 2004 के आम चुनाव में पूरी तरह से लागू किया गया।

आयोग के लिए वैसे भी 2024 का आम चुनाव होने तक काम का काफी दबाव है। अभी उसके सामने कर्नाटक विधानसभा का चुनाव है। उसके तुरंत बाद नवंबर-दिसंबर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव होने है। इससे बाद मार्च 2024 के दूसरे हफ्ते में ही उसे आम चुनावों का ऐलान कर देना है। 2019 में आम चुनावों का ऐलान 10 मार्च को हो गया था।




**पांच प्रमुख चुनाव सुधारों पर है आगे बढ़ने की तैयारी**

जिस प्रस्तावित चुनाव सुधार की इस समय सबसे चर्चा है, वह आरवीएम यानी रिमोट वोटिंग मशीन है। जिसके जरिए चुनाव आयोग मौजूदा समय में वोटिंग प्रक्रिया से वंचित करीब तीस करोड़ मतदाताओं (मिसिंग वोटर) को वोटिंगप्रक्रिया से जोड़ने की तैयारी में है। इसके जरिए वह अपने मूल स्थान से दूर रहते हुए भी वोट डाल सकेंगे। इनमें काम-धंधे या नौकरी के सिलसिले में गांव छोड़कर शहरों में रहने वाले लोगों के साथ दूसरे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय दोनों को लाभ मिलेगा। फिलहाल राजनीतिक दलों के साथ इसे लेकर चर्चा तेजी से चल रही है। इस मशीन से 75 निर्वाचन क्षेत्रों में एक साथ सुविधा मुहैया कराई जा सकती है।

**एक व्यक्ति-एक सीट**

आयोग के सामने एक और बड़ी समस्या एक व्यक्ति के कई सीटों से चुनाव लड़ने की है। जबकि वह जीतने के बाद किसी एक सीट का प्रतिनिधित्व कर सकता है। ऐसे में वह अभी जीतने के बाद वह दूसरी सीट से इस्तीफा दे देते है। जिसके बाद आयोग को छह महीनें के भीतर फिर से उस पर चुनाव कराना होता है। आयोग ने जो सुधार प्रस्तावित किया गया है, उसके तहत एक व्यक्ति एक सीट से ही चुनाव लड़े। यदि कोई दो सीट से चुनाव लड़ता है और जीतने के बाद सीट खाली करता है, तो उससे पूरा चुनाव खर्च वसूला जाना चाहिए।

**एक देश-एक चुनाव**

अभी साल भर देश में कोई न कोई चुनाव चलते है। आयोग का प्रस्ताव है कि देश में एक साथ सभी चुनाव कराए जाए। खासकर लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय और पंचायतों आदि के चुनाव है। इससे वित्तीय बोझ भी कम होगा। साथ ही अभी चुनावों के चलते विकास कार्यों में जो अड़गा लगता है, उससे भी राहत मिलेगी। खुद प्रधानमंत्री ने भी कई मौके पर इसके पक्ष में राय बनाने की बात कहीं थी। हालांकि अभी इसे लेकर राजनीतिक दल तैयार नहीं है।

**एक मतदाता-एक वोटर लिस्टः**

चुनाव सुधार में एक बड़ा कदम वोटर लिस्ट को एक जैसी बनाना है। अभी देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए एक वोटर लिस्ट है, जबकि नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए दूसरी वोटर लिस्ट होती है। क्योंकि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव निर्वाचन आयोग कराता है,जबकि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव सभी राज्यों के अपने-अपने निर्वाचन आयोग कराते है। कई राज्यों में इनमें भी काफी असमानता है।

**वोटर लिस्ट को आधार से जोड़ना**

वोटर लिस्ट में दोहराव या फर्जी नामों के शामिल होने जैसी किसी आंशका से बचने के लिए चुनाव आयोग वोटर लिस्ट को आधार नंबर से जोड़ना चाहता है। इस दिशा में कुछ पहल की भी गई है, लेकिन अभी आधार नंबर को वोटर लिस्ट जोड़ना सिर्फ स्वैच्छिक है। ऐसे में वोटर लिस्ट में अभी भी लोगों के दो -दो जगह नाम दर्ज है। माना जा रहा है कि आधार नंबर से जुड़ते ही यह पकड़ में आ जाएंगे।

## हर हमले का प्रियंका ने बीजेपी को दिया करारा जवाब

» **अडानी का नाम सुनते ही क्यों बौखला जाते हैं आप... ?**

**नई दिल्ली,26 मार्च 2023(ए)।** राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के बाद से कांग्रेस पार्टी हर मोर्चे पर भारी आक्रोश जता रही है। इस क्रम में आज पार्टी द्वारा राहुल गांधी की अयोग्यता के विरोध में राजघाट पर एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह किया जा रहा है, जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल और अन्य नेता मौजूद रहे। इस मौके पर खड़गे ने जहां पूरी कांग्रेस पार्टी को राहुल गांधी के साथ बताया, तो वहीं प्रियंका गांधी ने अपने परिवार का बार-बार अपमान किये जाने को लेकर बीजेपी का जमकर घेराव किया।

**मेरे परिवार का अपमान करने पर आपकी सदस्यता क्यों रद्द नहीं होतीः प्रियंका गांधी**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि, मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है। शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है उन्हें मीर जाफर कहा जाता है। मेरी मां का अपमान किया जाता है। आपके मंत्री कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं? आपके प्रधानमंत्री गांधी परिवार के लिए कहते हैं कि ये नेहरू उपनाम का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? आप पर तो कोई केस नहीं होता, आपकी सदस्यता रद्द नहीं होती।



प्रियंका गांधी ने परिवारवादी के मुद्दे पर कहा कि, आप परिवारवादी कहते हैं तो भगवान राम कौन थे? क्या वो परिवारवादी थे? क्या पांडव परिवारवादी थे? और हमें क्या शर्म आनी चाहिए कि हमारे परिवार के सदस्य इस देश के लिए शहीद हुए? अहंकारी, तानाशाह जब जवाब नहीं दे पाते तो पूरी सत्ता को लेकर जनता को दबाने की कोशिश करते हैं। आपने कभी सोचा है ये पूरी सरकार एक आदमी को बचाने की इतनी कोशिश क्यों कर रही है? इस अडानी में है क्या कि आप इसे देश की सारी संपत्ति दे रहे हैं। ये अडानी है कौन कि इनका नाम सुनते ही आप बौखला जाते हैं?%

**प्रियंका गांधी ने अपने पिता के अंतिम संस्कार वाले दिन को किया याद**

प्रियंका गांधी ने इस दौरान भावुक लहजे में कुछ पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि, %साल 1991 में मेरे पिता की शव यात्रा तीन मूर्ति भवन से निकल रही थी। उस वक्त मैं और मेरा भाई अपनी मां के साथ गाड़ी में बैठे थे, और सामने भारतीय सेना का फूलों से लगा एक ट्रक चल रहा था, जिसके ऊपर मेरे पिताजी का शव रखा हुआ था। काफिला थोड़ी दूर चला तो राहुल कहने लगे कि मुझे उतरना है तब मेरी मां ने मना किया, क्योंकि सुरक्षा बड़ा मुद्दा था, लेकिन राहुल गाड़ी से उतरे और सेना के पीछे चलने लगे। कड़ी धूप में अपने पिता के जनाजे के पीछे पीछे पैदल चलते-चलते यहां तक पहुंचा। इस जगह से कुछ 500 गज दूर मेरे भाई ने हमारे शहीद पिता का अंतिम संस्कार किया।

**शहीद पिता का अपमान भरी संसद में किया जाता है**

प्रियंका गांधी ने आगे बताया कि, वह तस्वीर आज भी मेरे दिमाग में है, शहीद पिता का अपमान भरी संसद में किया जाता है। शहीद के बेटे को देशद्रोही और मीरजाफर कहा जाता है, उसकी मां का अपमान करते हैं। आपके मंत्री भरी संसद में मेरी मां का अपमान करते हैं।



## इसरो की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग

» **सबसे बड़े एलवीएम-3 रॉकेट ने 36 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक किया लॉन्च**

**श्रीहरिकोटा,26 मार्च 2023 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 36 वनवेब इंटरनेट उपग्रहों को अंतरिक्ष में लॉन्च और प्रक्षेपित करके इतिहास रच दिया है। भारत के सबसे भारी लॉन्च रॉकेट, लॉन्च व्हीकल मार्क-3 से लो अर्थ ऑर्बिट पर लॉन्च किए गए। सुबह 8.30 बजे से रॉकेट लॉन्च करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इन सैटेलाइटों को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया। गौरतलब है कि कुल 643 टन वजनी और 43.5 मीटर लंबा यह प्रक्षेपण यान इसरो का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है जो अब तक पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है, जिसमें चंद्रयान-2 मिशन भी शामिल है। ये 36 उपग्रह 5805 टन वजन के हैं।

इसरो ने बताया कि मौजूदा मिशन एलवीएम3-एम3, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का दूसरा समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह मिशन है, जिसे उसके ग्राहक ब्रिटिश कंपनी मैसर्स नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (मैसर्स वन वेब) के लिए चलाया जा रहा है। एलवीएम -3 इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान जीएसएलवीएमके -3 का ही नया नाम है जो सबसे भारी उपग्रहों को निश्चित कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता रखता है।

गौर हो कि वनवेब सैटेलाइट की बात करें तो यह यूके की संचार कंपनी है। इसमे ब्रिटेन की सरकार के साथ, भारत की भारतीय इंटरप्राइजेज, फ्रांस की यूटेलसैट, जापान की सॉफ्टबैंक, अमेरिका की ह्यूज्य नेटवर्क्स और दक्षिण कोरिया की हनव्हा बड़ी साझेदार हैं। इसका मुख्यालय लंदन में है। इस कंपनी का उद्देश्य दुनियाभर में बेहतर ब्रॉडबैंड सेवा को मुहैया कराना है। वनवेब ने इसरो के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत 36 उपग्रहों को 26 मार्च को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया गया है।



## परीक्षण के दौरान कराई गई एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली,26 मार्च 2023(ए)।** भारतीय तटरक्षक बल के एएलएच ध्रुव मार्क 3 हेलीकॉप्टर के फोर्स्ड लैंडिंग की घटना आज कोच्चि में हुई, जब बल के पायलट हेलिकॉप्टर का परीक्षण कर रहे थे। चॉपर करीब 25 फीट की ऊंचाई पर था, तभी उसे फोर्स्ड लैंडिंग करनी पड़ी। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। आईसीजी अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद फिलहाल आईसीजी एएलएच ध्रुव फ्लीट के संचालन को फिर से शुरू करने की दिशा में काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों के उड़ान भरने पर लगी रोक को हटाने के लिए इंडियन कोस्ट गार्ड लगातार काम कर रही है। इसी महीने मुंबई तट पर एक दुर्घटना के बाद रक्षा बलों ने एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों के उड़ान भरने पर एहतियाती तौर पर रोक लगा दी गई थी।

रोक लगाने के बाद कहा गया था कि जब तक जांचकर्ताओं को हेलीकॉप्टर दुर्घटना की वजह का पता नहीं चलता है, तब तक ये रोक जारी रहेगी। बता दें कि एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका इस्तेमाल भारतीय तटरक्षक बल के साथ थलसेना, नौसेना और वायु सेना की ओर से किया जाता है।

## हर घोटाले के सबूत के पीछे ललन सिंह का हाथ

» **सुशील मोदी का लालू परिवार पर हमला,**

» **बोले-कभी मुकदमा बंद नहीं हुआ**

**पटना,26 मार्च 2023(ए)।** राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने रविवार को जदयू के राष्ट्रीय ललन सिंह के बहाने से लालू प्रसाद यादव के परिवार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कभी फर्जी, कमजोर दस्तावेज नहीं, बल्कि मजबूत तथ्यों पर आधारित इतने पुख्ता सबूत जांच एजेंसी को उपलब्ध कराए हैं कि आज तक कोई बचकर निकल नहीं पाया है।

चारा घोटाला हो या आईआरसीटीसी घोटाला हर घोटाले के सबूत के पीछे ललन सिंह का हाथ है। इन्हीं के कागजातों के आधार पर लालू प्रसाद को चारा घोटाला के चार मामलों में सजा हो चुकी है। ललन सिंह केवल पुख्ता सबूत ही नहीं, बल्कि मुकदमे के हर पल-पल की स्वयं मॉनिटरिंग भी करते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे की नौकरी के बदले जमीन घोटाला,



जिसमें पिछले दिनों तेजस्वी यादव और लालू परिवार से पूछताछ हुई है। उसके भी सारे कागजात 2008 में ललन सिंह और स्व. शरद यादव ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दिए थे।

परंतु केंद्र में राजद के समर्थन से यूपीए की सरकार चल रही थी। अतः प्रधानमंत्री सचिवालय से कागज गायब करा दिए गए। इसके बाद 2014 में एनडीए की सरकार बनने के बाद पुनः कागजात सुपुर्द किए गए।कभी मुकदमा बंद नहीं हुआ था। इस घोटाले की जांच अगस्त में महागठबंधन की सरकार बनने के एक वर्ष पहले ही प्रारंभ हो गई थी।

मोदी ने कहा कि ललन सिंह को परिणाम का पूरा अंदेशा है, चूंकि कागज उन्हीं के दिए हुए हैं, इसलिए डरे हुए हैं। कागज कभी मरते नहीं हैं। संचिका कभी बंद नहीं होती है।

भाजपा नेता ने कहा कि भागलपुर दंगे में दोषमुक्त किए जा चुके आरोपी कामेश्वर यादव को 15 वर्षों के बाद ललन सिंह के प्रयास से मुकदमा खोलकर नीतीश सरकार में सजा दिलाई गई थी।

लालू परिवार मीडिया के सामने दहाड़ता है और सीबीआई के सामने भीगी बिल्ली बन जाता है। झुकने या लड़ने का प्रश्न नहीं है, बल्कि पुख्ता सबूत होंगे तो कोई बच नहीं सकता। आखिर लालू प्रसाद झुकें या ना झुकें चार मामलों में सजायाफ्ता हो चुके हैं।

## भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को किया तलब

**खालिस्तानी समर्थकों के भारतीय दूतावास पर हमले को लेकर मांगा स्पष्टीकरण**

**नई दिल्ली,26 मार्च 2023(ए)।** पिछले कुछ दिनों में भारतीय मिशनों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तानी समर्थकों के प्रदर्शनों पर भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस सप्ताह कनाडा में हमारे राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों पर अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों की कार्रवाइयों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए कनाडा के उच्चायुक्त को कल तलब किया गया था।इसमें आगे कहा गया, भारत सरकार ने स्पष्टीकरण मांगा है कि ऐसे तत्वों को पुलिस की मौजूदगी में हमारे राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों की सुरक्षा में सेंध लगाने की अनुमति कैसे दी गई। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कनाडा सरकार को वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों की याद दिलाई गई और ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए कहा गया, जिन्हें पहले से ही इस तरह के कृत्यों में शामिल होना बताया गया है। मंत्रालय ने कनाडा सरकार को अवगत कराया है, यह उम्मीद की जाती है कि कनाडा सरकार हमारे राजनयिकों की सुरक्षा और हमारे राजनयिक परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएगी ताकि वे अपने सामान्य राजनयिक कार्यों को पूरा कर सकें।



पिछले खालिस्तान समर्थकों के हिंसक विरोध के बाद सुरक्षा कारणों से कनाडा में एक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था। कार्यक्रम कनाडा में भारतीय दूत संजय कुमार वर्मा को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था, जब वे पश्चिमी तट की अपनी पहली यात्रा पर थे। एक भारतीय मूल के पत्रकार, जो विरोध को कवर करने के लिए कार्यक्रम में थे, पर भी कथित तौर पर कट्टरपंथियों द्वारा हमला किया गया। पंजाब में कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई के खिलाफ कनाडा में विरोध हुआ।

## बाहर आते ही अतीक ने कहा-मुझे मार डालेंगे

**प्रयागराज ,26 मार्च 2023(ए)।** उमेश पाल हत्याकांड का प्रमुख आरोपी माफिया अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा है। यूपी एसटीएफ की टीम रविवार शाम करीब 5.45 पर अतीक अहमद को पुलिस वैन में बैठाकर वहां से रवाना हो गई है। जेल से बाहर आते ही अतीक अहमद का पहला बयान सामने आया है। अतीक ने कहा कि कोर्ट के कंधे पर रखकर मुझे मारना चाह रहे हैं।



इस बीच, बड़ी जानकारी ये सामने आ रही है कि यूपी पुलिस द्वारा अतीक अहमद की साबरमती जेल से रवानगी के बाद पीछे चल रहीं मीडिया की गाड़ियों को डॉयवर्ट किया गया है।



## हवा में दूसरी फ्लाइट टकराने से बचा एअर इंडिया का विमान

**नई दिल्ली,26 मार्च 2023(ए)।** एअर इंडिया की फ्लाइट बड़े हादसे का शिकार होने से बची। रिपोर्ट्स के अनुसार एअर इंडिया के विमान के साथ टकराव टला है। खबरों के मुताबिक नेपाल के एयरस्पेस में दो विमानों की टक्कर टलने से बड़ा विमान हादसा टल गया। प्लेन क्रैश होने की सूरत में कई लोगों की जान खतरे में पड़ने की आशंका थी, लेकिन समय रहते दोनों विमान हवा में टकराने से बच गए। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

**पायलट की समझदारी से टला हादसा**

नेपाल में आपदा टलने के बारे में समाचार एजेंसी के हवाले से बताया गया, एअर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस का विमान हवा में लगभग टकराने वाला था, लेकिन खुशकिस्मती और पायलट की सूझबूझ के कारण हादसा टल गया।

**सैकड़ों यात्रियों की जान जोखिम में,अधिकारियों पर गिरी गाज**

इस रिपोर्ट के अनुसार हादसा शुक्रवार, 24 मार्च को होने वाला था। बड़ी दुर्घटना टल जाने के बाद नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (छ्रह) ने हवाई यातायात नियंत्रक के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। बीच हवा में विमानों की टक्कर की आशंका और फ्लाइट में सवार सैकड़ों यात्रियों की जान जोखिम में डालने के लिए दोनों अधिकारियों पर गाज गिरी है।

## संपादकीय

### इरादा तो सही है

संदेश यह है कि प्राइवेट अस्पताल स्वास्थ्य सेवा के नाम पर सरकार से तमाम तरह की रियायतें जरूर हासिल करते हैं, लेकिन वे अपने मुनाफे का कोई हिस्सा समाज हित में साझा नहीं करना चाहते। राजस्थान सरकार का स्वास्थ्य अधिकार का विधेयक सही दिशा में पहल है। इसमें कुछ पहलू ऐसे हो सकते हैं, जिनके आधार पर कहा जाए कि इतनी बड़ी पहल करने के पहले राज्य सरकार ने पूरी तैयारी नहीं की। मसलन, यह कि (जैसाकि आलोचक कह रहे हैं) इसमें किस मरीज को 'आपातकालीन' स्थिति में माना जाएगा, इसे परिभाषित नहीं किया गया है। लेकिन ऐसी कमियों को दूर करने की गुंजाइश हमेशा ही रहती है। इसलिए ऐसी बातें पूरी पहल के विरोध का आधार नहीं हो सकतीं। फिर भी अगर राज्य के डॉक्टरों का एक हिस्सा विरोध पर उतरा है, तो साफ उसका कारण स्वार्थों का टकराव है। संदेश यह है कि प्राइवेट अस्पताल स्वास्थ्य सेवा के नाम पर सरकार से तमाम तरह की रियायतें जरूर हासिल करते हैं, लेकिन वे अपने मुनाफे का कोई हिस्सा समाज हित में साझा नहीं करना चाहते।

बहरहाल, इस सिलसिले इस पहलू की चर्चा भी अवश्य होनी चाहिए कि सरकारें पिछले साढ़े तीन दशक से जिस रास्ते पर चली हैं, अचानक अगर वे उसकी उलटी दिशा में जाने की शुरुआत करेंगी, तो उन्हें उन निहित स्वार्थों का विरोध झेलना होगा, जिन्हें मजबूती देने में खुद उनकी नीतियों का योगदान रहा है। भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तहत निहित स्वार्थों पर झटके से नियंत्रण संभव नहीं है। ऐसे में स्वास्थ्य का अधिकार सुनिश्चित करने का व्यावहारिक रास्ता यही बचता है कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र में प्राथमिक से उच्च स्तर तक चिकित्सा का ढांचा खड़ा करे। इसकी शुरुआत सरकारी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों का जाल बिछाने और उनमें उम्दा किस्म की पढ़ाई की व्यवस्था करने से करनी होगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवा के नाम पर निजी क्षेत्र को दी जाने वाली तमाम रियायतों पर तुरंत रोक लगाई जाए। प्राइवेट अस्पतालों के साथ मुनाफे के सिद्धांत पर चलने वाले किसी भी अन्य उद्योग की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए। उससे प्राप्त होने वाले राजस्व का इस्तेमाल सार्वजनिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में किया जा सकता है। वरना, अचानक कोई एक बड़ी पहल कर देने पर उससे प्रभावित होने वाले मजबूत निहित स्वार्थों का विरोध पर उतरेंगे ही, जिनसे निपटने का कोई प्रभावी तरीका फिलहाल मौजूद नहीं है।

# क्या चक्रव्यूह से निकल पायेंगें राहुल गांधी ?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी राजनीति के चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आ रहे हैं। मानहानि के एक मामले में सूरत की एक अदालत ने उन्हें दो साल की सजा व 15 हजार रूपयों का जुर्माना सुनाया था। हालांकि अदालत ने उसी समय राहुल गांधी की जमानत लेते हुए उन्हें एक महीने में ऊपरी अदालत में अपील करने का समय दिया था। निचली अदालत के इस फैसले को आधार बनाकर लोकसभा ने आज राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी। राहुल गांधी को अपने बचाव में ऊपरी अदालत में अपील करनी होगी तभी वह जेल जाने से बच सकेंगे एवं उनकी संसद की सदस्यता भी बच पाएगी।

2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। चाहे वह ललित मोदी, नीरव मोदी हो या नरेंद्र मोदी हो। इसको लेकर सूरत पश्चिम के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस करते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है। इस केस की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार सूरत कोर्ट में पेश होकर खुद को निर्दोष बताया था। इसी मामले में सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एस वर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी को भारतीय दंड विधान की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया। मगर इसके साथ ही उन्हे जमानत देते हुए 30 दिनों के लिए सजा को निलंबित कर दिया था। ताकि उन्हें हाई कोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके।

सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को सजा सुनाने के 26 घंटे बाद ही लोकसभा ने उन्हें सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया है। यदि लोकसभा अध्यक्ष चाहते तो उन्हें ऊपरी अदालत के निर्णय होने तक संसद सदस्य रखा जा सकता था। मगर सरकार के दबाव में अति शिघ्रता में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गयी है। कोर्ट के निर्णय से राहुल गांधी चौतरफा घिर गए हैं। उन्हें शीघ्र ही गुजरात हाई कोर्ट में अपील कर अपना पक्ष रखना होगा। यदि राहुल गांधी को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलती है तो अगले आठ साल तक वह चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाएंगे।

वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी चारों तरफ से घिरी हुई है। राजनीतिक रूप से भी पार्टी कमजोर हो रही है। ऐसे में राहुल गांधी को जेल की सजा होना व उनकी संसद सदस्यता जाना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। कांग्रेस पार्टी को बहुत ही सावधानी से अपने विधिक कदम उठाने होंगे। न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखना होगा। यदि ऊपरी न्यायालय से राहुल गांधी को राहत मिल



जाती है तो कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी राहत होगी।

केंद्र सरकार कांग्रेस सहित देश के अन्य सभी विपक्षी दलों पर पूरी तरह हमलावर मूड में है। विपक्षी दलों के नेताओं को लगातार सरकारी संस्थाओं के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है। 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उससे पूर्व राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों में विधानसभा के भी चुनाव होंगे। जहां कांग्रेस की सीधी भाजपा से टक्कर होनी है। ऐसे में भाजपा कांग्रेसी नेताओं को विभिन्न तरीकों से दबा कर उनका मनोबल कमजोर करना चाहती है। ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए राहुल गांधी को अपने इर्द-गिर्द तैनात नेताओं में से उन लोगों को दूर कर देना चाहिए जो सिर्फ स्वयं को आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी का सहारा ले रहे हैं। बहुत से जनाधार विहीन नेता राहुल गांधी के सहारे बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुये हैं। जिनका जनता में जनाधार शून्य है। बड़े पदों पर तैनात कई नेता तो ऐसे हैं जिन्होंने आज तक कभी अपनी जिंदगी में चुनाव नहीं लड़ा। कई बड़े नेता लगातार कई चुनाव हार चुके हैं। जनाधार विहीन नेता राहुल गांधी से नजदीकी का फायदा उठाकर उनकी नजरों में अपने नंबर बनाने के लिए अक्सर उन्हे गलत सलाह देते रहते हैं। राहुल गांधी को ज्ञान होना चाहिए कि जुबान से निकली हुई बात वापस नहीं आ सकती है। राजनीतिक जीवन में ऐसे शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए जिनका नतीजा नकारात्मक होता है। आज राहुल गांधी अपने गलत गलत बयानों के चलते ही कोर्ट से मुजरिम करार दिए गए हैं।

यदि गुजरात उच्च न्यायालय से राहुल गांधी को राहत नहीं मिलती है तो उन्हें जेल तो जाना ही होगा। इसके साथ ही अगले 8 सालों तक वह कोई भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इससे उनकी पूरी राजनीतिक साख समाप्त हो जाएगी। और भाजपा के नेता यही चाहते हैं कि राहुल गांधी की साख को समाप्त कर दिया जाए। राहुल गांधी जानबूझकर उन्हें ऐसे मौके दे देते हैं। अभी राहुल गांधी पर मानहानि के चार और मुकदमे चल रहे हैं। जिस पर फैसला आना बाकी है। इनमें महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में, असम के गुवाहाटी कोर्ट में, रांची के एक कोर्ट में व महाराष्ट्र के मझगांव स्थित शिवडी कोर्ट में मुकदमे चल रहे हैं।

हालांकि राहुल गांधी कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए इन दिनों पूरी मेहनत कर रहे हैं। मगर प्रदेशों में बैठे कांग्रेस के छत्रपों पर उनका नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। बहुत से प्रादेशिक क्षत्रप अपनी मनमानी करते हैं। जिससे पार्टी तो कमजोर होती है पार्टी का अनुशासन भी भंग होता है। राजस्थान में 6 महीने पहले पार्टी की खिलाफत करने वाले नेताओं पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं करने से पार्टी के आम कार्यकर्ताओं में एक गलत संदेश जा रहा है। कांग्रेस को ऐसी घटनाओं से भी बचना चाहिए। पार्टी से बगावत करने वाला कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। तभी पार्टी में अनुशासन बना रह पाएगा।

कांग्रेस नेताओं को चाहिए कि महाराष्ट्र की तरह पूरे देश में एक मजबूत विपक्षी मोर्चा बनाए ताकि आने वाले चुनाव में भाजपा को करारी टक्कर दे सके। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भाजपा पूरी तरह बौखला गई थी। उस पदयात्रा के प्रभाव को कम करने के लिए ही विभिन्न तरह से कांग्रेस पार्टी के नेताओं को दबाया जा रहा है। यदि सभी विपक्षी दलों के नेता अपना ईगो छोड़कर एकजुटता से मुकाबला करेंगे तो उनके सामने भाजपा कहीं ठहर ही नहीं पाएगी। इस बात का भाजपा नेताओं को भी पता है इसीलिए विपक्षी दलों में फूट डालने के लिए तरह-तरह के हथकंडे आजमाए जा रहे हैं जिनसे सावधान रहकर आगे बढ़ने की जरूरत है।



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

# एच 3 एन 2 वायरस का प्रकोप : जल्द तलाशना होगा उपाय

मौसम बदला तो तमाम बच्चे, बूढ़े हों या नौजवान हर कोई सर्दी, खांसी, जुखाम, सिरदर्द और बुखार आदि रोगों की चपेट में आ रहे हैं। इसके पीछे एच3एन2 वायरस का प्रकोप बताया जा रहा है।

अब भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के आंकड़ों में यह दावा करना कि देश में 76 नमूनों में कोरोना वायरस के नए स्वरूप एक्सबीबी 1.16 स्वरूप से लोग संक्रमित है। यह थोड़ी चिंता की बात तो जरूर है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वजह से भी देश में कोरोना के मामलों में इजाफा हो सकता है, क्योंकि पिछले 126 दिनों के बाद गत शनिवार को एक दिन में सबसे अधिक 843 मामले आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) नेटवर्क के माध्यम से देश में बढ़ रहे कोरोना और एच3एन2 वायरस से जनित इनफ्लुएंजा के सभी मामलों पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। हाल ही में एन3एन2 वायरस के कारण हरियाणा और कर्नाटक में दो लोगों की मौत की पुष्टि ने भी लोगों को अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता के प्रति सचेत किया है। हालांकि यह मौसमी इनफ्लुएंजा वायरस का ही एक रूप है। लेकिन फिर भी जब मामले बढ़ते हैं तो चिंता की बातें तो वाजिब ही हैं।




भारत ही नहीं पूरा विश्व कोविड वायरस से उबरा है और अब धीरे-धीरे लोग इस वायरस से मुक्ति महसूस कर रहे हैं। लेकिन दिसम्बर में सर्दी के बाद मौसम क्या बदला कि एकाएक सर्दी जुखाम, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, बदन दर्द और बुखार जैसे लक्षण वाले रोगों ने लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया।

अमूमन देखा गया है कि जब मौसम का जॉइंट आता है यानि कि जब सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी में मौसम बदलता है तो लोगों की थोड़ी सी लापरवाही से सर्दी, जुखाम, गला खराब, छुटपुट सिरदर्द, नाक बहना और बुखार जैसी बीमारियां हो जाती हैं। लेकिन कुछ ही दिन में आम दवाओं से थोड़ी सी सावधानी बरतकर लोग ठीक हो जाया करते हैं, लेकिन इस बार मौसम बदला तो लोग सर्दी, जुकाम, खांसी, गला खराब, बुखार जैसे मौसमी रोगों से ग्रसित हुए। चिंता की बात तब बनी जब तमाम प्रयासों के बावजूद लोगों में ये रोग काफी दिन तक चल रहे हैं। किसी को कोविड जैसे लक्षण भी दिखाई दे रहे हैं। लेकिन राहत की बात है कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने पुष्टि की है एनफ्लुएंजा सबटाइप एच3एन2 की वजह से यह बीमारी फैल रही है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मौसम एनफ्लुएंजा अपडेट में बताया गया है कि मौसमी एनफ्लूएंजा एक तीव्र सन संक्रमण रोग है। जो एनफ्लुएंजा वायरस के कारण होता है। भारत में हर साल यह दो बार सबसे अधिक दर्ज होते हैं। पहला जनवरी से मार्च और दूसरा, मानसून के बाद के मौसम में। मार्च के बाद मौसमी एनफ्लूएंजा के मामलों में कमी आने की उम्मीद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी सजग हो गया है और मौसमी एनफ्लुएंजा एच3एन2 सबटाइप के मामलों की कड़ी निगरानी की जा रही है। रोकथाम के लिए सावधानियों पर आईसीएमआर द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। हाल ही में जारी आईसीएमआर नेटवर्क के आंकड़े बताते हैं कि साल 2023 के पहले 9 सप्ताह की अवधि के दौरान मामले बढ़े हैं।

भर्ती रोगियों में एच3एन2 वायरस की वजह से 92 प्रतिशत को बुखार, 86 प्रतिशत को खांसी, 27 प्रतिशत को सांस लेने में तकलीफ, 16 प्रतिशत को सांस में घरघराहट और 6 प्रतिशत को निमोनिया आदि के लक्षण मिले। भारत में मानव एनफ्लुएंजा वायरस और सार्स-सीओवी वायरस का पता लगाने के लिए एनफ्लूएंजा जैसे रोग (आईएलआई) और गंभीर तीव्र सन बीमारी (एसएआरआई) की एक एकीकृत निगरानी 28 स्थलों से निर्मित आईएलआई या निगरानी नेटवर्क के माध्यम से हो रही है। इस वायरस के प्रति एडवाइजरी भी जारी की गई है। एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी हाल ही में कहा है की इन दिनों एनफ्लुएंजा के केस बढ़ रहे हैं। इसमें बुखार आना, खांसी, कफ, बदन दर्द और नाक बहने की शिकायत रहती है।

एच3एन2 एनफ्लुएंजा वायरस का ही एक प्रकार है। हर साल इन दिनों उभरता है। यह वायरस अपना रूप भी बदलता रहता है, जिसे एंटीजनिक बहाव भी कहते हैं। कोविड की तरह ड्रॉपलेट्स से फैलता है। वहीं कोरोना के मामलों में वृद्धि की वजह कोरोना के नए स्वरूप एक्सबीबी 1.16 भी हो सकती है। भीड़ में हम कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। इस वजह से रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ज्यादा घबराएं नहीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म (आईएचआईपी) पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार राज्यों द्वारा मार्च 2023 तक एच3एन2 सहित इनफ्लुएंजा के विभिन्न सबटाइप के 3038 मामलों की पुष्टि की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि घबराने की बात नहीं लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है।

अनिरुद्ध गौड़

## प्राथमिक शिक्षा में ही राष्ट्रीय भावनाओं का समावेशी उत्प्रेरण आवश्यक

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव के साथ प्रस्फुटित होता है राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता हैद्य स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगेद्य

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैद्य इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया हैद्य वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैंद्य

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता हैद्य आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैंद्य यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।

वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।



संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# भूकंप की तैयारी सिर्फ इमारतों के बारे में नहीं है

सोशल मीडिया, टीवी चैनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फिर भूल जाते हैं कि भूकंप फिर आ सकता है और उससे उनकी जान जा सकती है या गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। इसलिए मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से भूकंप से बचने के लिए तैयार रहना जरूरी है। यह सोच कर हम नहीं बच सकते हैं कि ईश्वर जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। और यह सोच बनाना भी ठीक नहीं कि इंसान के हाथ में कुछ भी नहीं है। यह सब खुद को तसल्ली देने के लिए तो हम कर सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सजगता और छद्म अभ्यास के जरिए बेहतर बचाव का उपाय हो सकता है।

भारतीय भूभाग का लगभग 58त्न भूकंप की चपेट में है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए भारत के भूकंपीय ज़ोनिंग मानचित्र के अनुसार, भारत को चार ज़ोन - द्धद्ध, द्धद्धद्ध, द्धड्ड और ड्ड में विभाजित किया गया है। वैज्ञानिकों ने हिमालयी राज्य में संभावित बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भारत का भू-भाग बड़े भूकंपीय तथ्य/ प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, विशेष रूप से हिमालयी प्लेट सीमा, जिसमें बड़ी भूकंपीय घटना (7 और अधिक परिमाण) की क्षमता है। भारत में भूकंप का मुख्य कारण इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं। इस अभिसरण के परिणामस्वरूप हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार भूकंप आ रहे हैं।

भूकंप की तैयारी पर भारत की नीति मुख्य रूप से संरचनात्मक विवरण के पैमाने पर संचालित होती है। यह नेशनल बिल्डिंग कोड द्वारा निर्देशित है। इसमें स्तंभों, बीमों के आयामों को निर्दिष्ट करना और इन तत्वों को एक साथ जोड़ने वाले सुदृढीकरण के विवरण शामिल हैं। यह उन भवनों की उपेक्षा करता है जिनका निर्माण 1962 में ऐसे कोड प्रकाशित होने से पहले किया गया था। ऐसी इमारतें हमारे शहरों का एक बड़ा हिस्सा हैं। यह प्रवर्तन की प्रक्रियाओं में




अचूकता मानता है। यह केवल दंड और अवैधताओं पर निर्भर करता है। यह भूकंप को व्यक्तिगत इमारतों की समस्या के रूप में मानता है। यह मानता है कि इमारतें मौजूद हैं और उनके शहरी संदर्भ से पूर्ण अलगाव में व्यवहार करती हैं। मौजूदा ढांचों की रेट्रोफिटिंग और अधिक दक्षता के साथ भूकंपीय कोड लागू करने के लिए कर-आधारित प्रोत्साहनों की एक प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। यह अच्छी तरह से प्रशिक्षित पेशेवरों और सक्षम संगठनों का एक निकाय तैयार करेगा।

सोशल मीडिया, टीवी चैनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फिर भूल जाते हैं कि भूकंप फिर आ सकता है और उससे उनकी जान जा सकती है या गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। इसलिए मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से भूकंप से बचने के लिए तैयार रहना जरूरी है। यह सोच कर हम नहीं बच सकते हैं कि ईश्वर जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। और यह सोच बनाना भी ठीक नहीं कि इंसान के हाथ में कुछ भी नहीं है। यह सब खुद को तसल्ली देने के लिए तो हम कर सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सजगता और छद्म अभ्यास के जरिए बेहतर बचाव का उपाय हो सकता है। जापान इस मामले में एक अच्छा उदाहरण है। इसने अक्सर होने वाले भूकंपों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तकनीकी उपायों में भारी निवेश किया है। भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिए गगनचुंबी इमारतों को काउंटरवेट और अन्य उच्च तकनीक प्रावधानों के साथ बनाया गया है। छोटे घर लचीली नींव पर बनाए जाते हैं, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को स्वचालित ट्रिगर के साथ एकीकृत किया जाता है जो भूकंप के दौरान बिजली, गैस और पानी की लाइनों को काट देते हैं। नीति को सर्वेक्षणों और लेखापरीक्षाओं से शुरू होना चाहिए जो भूकंप सभ्यता मानचित्र तैयार कर सकते हैं। ऐसे नक्शे का उपयोग करके, प्रवर्तन, प्रोत्साहन और प्रतिक्रिया केंद्रों को शहरी इलाकों में आनुपातिक रूप से वितरित किया जा सकता है। भूकंप की तैयारी पर एक नीति के लिए दूरदर्शी, क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। भूकंप के विभिन्न खतरों के प्रति भारत की भेद्यता के लिए स्मार्ट हैंडलिंग और दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है। भारत ने भूकंप प्रतिरोधी निर्माण के लिये बिल्डिंग कोड और मानक स्थापित किये हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये इन कोड और मानकों को सख्ती से लागू करना महत्त्वपूर्ण है कि भूकंप का सामना करने हेतु नई इमारतों का निर्माण किया जाए। इसके लिये नियमित निरीक्षण एवं मौजूदा बिल्डिंग कोड के प्रवर्तन की भी आवश्यकता होगी।

पुरानी इमारतें वर्तमान भूकंप प्रतिरोधी मानकों को पूरा नहीं करती हैं और उनमें से कई को उनके भूकंपीय प्रदर्शन में सुधार के लिये पुनः संयोजन या सुदृढीकरण किया जा सकता है। भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिये आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना महत्त्वपूर्ण है। इसमें निकासी योजना विकसित करना, आपातकालीन आश्रयों की स्थापना और भूकंप का सामना करने के तरीके पर कर्मियों को प्रशिक्षित करना शामिल है। अनुसंधान एवं निगरानी में निवेश किये जाने से भूकंप तथा उसके कारणों की हमारी समझ में सुधार करने में मदद मिल सकती है और प्रभाव का अनुमान लगाने एवं उसे कम करने हेतु बेहतर तरीके विकसित करने में भी मदद मिल सकती है। भूमि-उपयोग नीतियों की योजना बनाने और उन्हें विकसित करते समय भूकंप के संभावित प्रभावों पर विचार करना महत्त्वपूर्ण है। इसमें भूकंप की संभावना वाले क्षेत्रों में विकास को सीमित करना शामिल है तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि नए विकास को इस तरह से डिज़ाइन एवं निर्मित किया जाए जो क्षति के जोखिम को कम करता हो।



डॉ. सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी,
हरियाणा

## कात्यायिनी

भक्तों की मुरादें पूरी करने वाली
माता है अमोघ फल प्रदायनी।
धन-धान्य से झोली भर देती
माता बड़ी करुणामयी कात्यायिनी।।
षष्ठी को कात्यायन के घर जन्मी
माँ कात्यायिनी नाम से जानी गई।
ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी
नवदुर्गा छठे रूप में पहचानी गई।।
नवरात्रि की दशमी के दिन माँ ने
महिसासुर का मर्दन किया।
शुम्भ-निशुम्भ के आतंक से भी
देवताओं को भयमुक्त किया।।
कहते हैं द्वापर में गोपियाँ कृष्ण को
पति रूप में पाना चाहती थी।
इसीलिए माँ कात्यायिनी की वो
नित्य पूजा अर्चना करती थी।।
ॐ कात्यायिनी देव्यै नमः जपकर
माँ को शहद का भोग लगाए जो।
सुंदर सुशील इच्छित वर का
मनवांछित आशीर्वाद पाए वो।।



सोनल मंजू श्री ओमर
राजकोट, गुजरात

## भोले को प्रणाम

आओ भोले के संग मिलकर,
दुनिया नई बसालें हम,
झूठ का ना हो संगी-साथी,
सत्य का पाठ पढ़ालें हम।
आओ भोले के संग....
राह चलें जब भोले के संग,
मन के सब संताप मिटाए,
पाप की देहरी को लांघें जब,
मनभर कर फिर हम मुस्काए।
आओ भोले के संग .....
भोले कें संग हर रुत भाए,
चाहे बसंत या सावन आए,
मन की बांसुरी चहक-चहक कर,
गीत सुरीले मन भर गाए।
आओ भोले के संग ....
भोले की आहट पाकर जब,
धरती भी श्रंगार करे,
दुल्हन-सी लगे धरा सुंदरी,
भोले भी स्वीकार करें ।
आओ भोले के संग ...
आसमान से तारे भी अब,
भोले को प्रणाम करें,
भोले अपने चक्षु खोल कर,
नव-जीवन साकार करें।
आओ भोले के संग ....



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर, इन्दौर,मध्यप्रदेश

## पचरा

हो भारतमाता तोर अँछरा ह,
लहर लहर लहरावय हो माँ।
काहेन के तोर मकुट बने हे,
काहेन के तोर बिंदिया।
काहेन के तोर नथनी मइया,
काहेन के तोर पयजनिया।
हो भारतमाता....
सजै हिमालय तोर मकुट बने हे,
कस्मीर बने तोर बिंदिया।
भरे दिल्ली तोर नथनी मइया,
कन्याकुमारी तोर पयजनिया।
हो भारतमाता....



टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

## पानी का मूल्य और मानव को समझना है

पानी बचाने की
ज़वाबदेही निभाना है
पानी का मूल्य हर मानव को
समझाना है
पानी को अहम दुर्लभ मानकर
अपव्यय करने से बचाना है
पानी के स्त्रोतों की
सुरक्षा स्वच्छता अपनाने
के लिए जी जान से ध्यान लगाना है
पानी बचाओ जीवन बचाओ
यह फॉर्मूला मूल
मंत्र के रूप में अपनाना है
पानी बचाने की
ज़वाबदेही निभाना है
हर मानव को ज़ल
संरक्षण संचयन अपनाकर
पानी बचाकर जनजागृति लाना है
अगली पीढ़ियों के प्रति
ज़वाबदारी निभाना है
बिना पानी जिन्दगी का
दर्द क्या होता है
पानी अपव्यय वालों तक पहुंचाना है
पानी का उपयोग अब हमें
प्रसाद की तरह करना है-4



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# राहुल गांधी के संसद सदस्यता रद्द होने के विरोध में कांग्रेस ने किया संकल्प सत्याग्रह

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

राहुल गांधी के संसद सदस्यता को षड़यंत्र पूर्वक समाप्त कराने के विरोध में आखिल भारतीय कांग्रेंस कमेटी के आवाह्न पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा गांधी चौक पर गांधी प्रतिमा के सामने संकल्प सत्याग्रह किया गया। रविवार को सरगुजा जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालय एवं विधानसभा स्तर पर भी संकल्प सत्याग्रह किया गया। जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी 11 बजे से काली पट्टी लगाकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि केन्द्र सरकार के विरुद्ध अब पार्टी निरंतर प्रदर्शन करने की निति पर काम कर रही है।

संकल्प सत्याग्रह के कांग्रेसियों ने बताया कि 7 फरवरी को संसद में राष्ट्पति के अभिषाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राहुल गांधी ने मुखरता के साथ अडानी के मोदी शासनकाल में 609 वें नंबर से दूसरे नंबर के अमीर बनने का सवाल उठाया था। अपने भाषण में राहुल गांधी ने वो सारे मौके गिनाये जबकि मोदी सरकार ने अदानी को मदद दी थी। बजट सत्र के प्रारंभ से ही इन सवालों से बचने के लिये तरह-तरह के अलोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल मोदी सरकार कर रही थी। सरकारी पक्ष के सांसद लगातार राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द करने की न केवल मांग कर रहे थे बल्कि इस दिशा में कार्यवाही भी किया जा रहा था। अंततः सूरत कोर्ट के फैसले के बाद आनन-फानन में राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त करा दिया गया। बजट सत्र के दूसरे चरण में सरकार का प्रयास रहा कि संसद को बाधित कर राहुल गांधी को बोलने से रोका जाये ताकि वे अदानी और सरकार की मिलीभगत पर सवाल न उठा पायें। पार्टी यह मानती है कि इसी प्रयास में एक दुष्चक्र को तैयार पर पूरे योजना के साथ राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करायी गयी है। संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद राहुल गांधी ने एक प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा है कि मेरी आवाज को दबाने की कोशिश हो रही है लेकिन मै चुप नहीं रहूँगा। इसी दुष्चक्र जिसके माध्यम से षणयंत्र करते हुए राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गयी के

कांग्रेस जिला अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शैलजा एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सोमवार को रायपुर में आहूत की है। संकल्प सत्याग्रह में लुंड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम, बालकृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, डॉ. अजय तिर्की, मधु सिंह, रीता द्विक्षित,विनय शर्मा,युनुस खान, सीमा सोनी, मो. इस्लाम, अनिल सिंह कर्नल, दुर्गेश गुप्ता, सैयद अख्तर हुसैन, मदन जायसवाल, इंद्रजीत धंजल, शैलेश सोनी, प्रमोद चौधरी, सतीश बारी,रुही गजाला, गीता प्रजापति, गीता श्रीवास्तव, गीता रजक, शकीला सिद्धकी, चित्रा मिश्रा, निर्मला कहरी, सत्येन्द्र तिवारी, चुनमुन तिवारी, अनूप मेहता, नरेन्द्र विश्वकर्मा, निकी खान, अनील सिंह, निखिल विश्वकर्मा, अमित तिवारी राजा, हिमांशु जायसवाल, शुभम जायसवाल, मिथुन सिंह, दिलिप धर, अविनाश कुमार, सपना सिन्हा, संजय सिंह, बाबू सोनी, रामू घोष, राहुल नाक्स, राजीव लोचन पाठक, अलि सोहेल, अशोक अग्रवाल, रेणुका पाठक, विकास शर्मा, प्रभा सिंह, कमलेश्वरी सिंह, सुजाता सिंह, बालमदीना एक्का सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



## भ्रमण के दूसरे चरण में बंगाल एवं यूपी के 28 सदस्सीय दल ने किया अंबिकापुर मॉडल अध्ययन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर अंबिकापुर अध्ययन भ्रमण दूसरे चरण में देश के 2 राज्य पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश से 28 सदस्यीय दल पहुंचा है। रविवार को भ्रमण के प्रथम दिवस कार्यशाला का शुभारंभ महापौर डॉक्टर अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल एवं आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा किया गया। कार्यशाला में आयुक्त द्वारा अंबिकापुर मॉडल को विस्तार से समझाते हुए अंबिकापुर में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी एवम स्वच्छता दीदियों से संयुक्त प्रयास और प्रबंधन संबधी व्याख्यान दिया गया। सभापति द्वारा बताया गया की योजना के प्रारंभिक दौर में किस तरह नागरिकों का सहयोग लिया गया, दीदियों को कार्य में आने वाली परेशानियों का निदान सभी ने मिल कर किया, प्रशासनिक प्रयास के बारे में विस्तृत रूप से अनुभव साझा किया गया । साथ ही बताया गया की स्वच्छ सर्वेक्षण में 1 से 3 लाख की जनसंख्या में अंबिकापुर के नंबर वन आने के बाद नागरिकों, सभी जनप्रतिनिधियों को अपने नगर पर गर्व हुआ, इससे इस कार्य में और भी जन सहयोग में वृद्धि हुई। महापौर महोदय द्वारा अनुभव को साझा करते हुए, मॉडल के बारे में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों के प्रयास, समस्याओं के निदान और एक सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए किस तरह से सभी वर्ग का सहयोग सुनिश्चित किया गया जो आज भी निरंतर जारी है, इस संबंध में बताया गया। कार्यशाला में अन्य राज्य से आए प्रतिनिधियों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किया गया। दल द्वारा डीसी रोड एसएलआरएम और घुटरापारा गौठान का भ्रमण किया गया। ये भ्रमण कल दूसरे दिन भी जारी रहेगा। भ्रमण के दौरान निगम के अधिकारी, कर्मचारी सहित स्वच्छता दीदियां उपस्थित रही।






## नशा मुक्ति का संदेश देने सायकिल पर निकला शिक्षक पहुंचा अम्बिकापुर

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,26 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

,नशामुक्ति और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का संदेश देने सायकिल पर निकले युवा शिक्षक रविवार को अम्बिकापुर पहुंचा। मुंगेली जिले के संतोष गुप्ता नशा मुक्ति और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का संदेश देने का संकल्प लेकर विगत 13 मार्च से प्रदेश के सभी 33 जिलों में जाने सायकिल से निकला है। अब तक 26 जिलों का भ्रमण कर चुके संतोष रविवार को रायगढ़, जशपुर जिला होते ह 27 वां जिला सरगुज़ा के अम्बिकापुर पहुंचा।

संतोष गुप्ता ने बताया कि वह मुंगेली जिले के एक प्राथमिक शाला में साहायक शिक्षक है। प्रदेश के युवओं को नशे से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए उन्होंने शिक्षा विभाग से छुट्टी लेकर यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन सायकल से ही स्कूल जाते है। सायकिल चलाने से जहां शरीर फिट रहता है वही पर्यावरण भी प्रदूषित नही होता, पेट्रोल का खर्च भी बचता है। उन्होंने बताया कि हर जिले में जाकर युवओं को नशा से दूर रहने, सायकिल का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह देते हैं।

## आम आदमी पाटी ने शुरू किया सदस्यता अभियान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।




आम आदमी पार्टी ने शनिवार को सूरजपुर के साधुराम सेवा कुंज में अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सदस्यता अभियान को प्राथमिकता देते हुए एक विशाल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद (पंजाब) एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक, संजीव झा, विधायक, दिल्ली एवं कोमल हुपेंडी प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित हुए। आम आदमी पार्टी के डॉ. संदीप पाठक ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन झंडा को घर-घर तक पहुंचना है। सदस्यता अभियान प्रशिक्षण में नेन्द्रगढ़, भरतपुर, बैकुंठपुर, प्रतापपुर, भटगांव, प्रेमनगर, अंबिकापुर, सीतापुर, लुंड्रा, सामरी, रामानुजगंज, जशपुर, पत्थलगांव, एवं कुनकुरी सहित 14 विधानसभा के लगभग 1000 पदाधिकारी एवं कार्यकरताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, रवि जायसवाल, इरदोस तिर्की, हरिनारायण साहू, मिनी रामा, संगीता मरावी, संदीप सिंह, राजेश जगते, प्रियंका सिंह , संगीता मरावी, राजेन्द्र पासवान, सुरेन्द्र काशी, यदुवंश सिंह, जेठू सिंह सहित जिले के सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।


## योग के माध्यम से अपने आप को क्रियाशील बनाने की दी गई जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ के निर्देशन में आईक्यूएसी एवं यूथ रेड क्रास इकाई द्वारा ध्यान योग के व्यहारिक उपयोग विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन 25 मार्च को किया गया।

विषय- विशेषज्ञ डॉ. आरके पाठक एचओडी पाली भाषा गया महाविद्यालय बिहार द्वारा योग के माध्यम से हम अपने आप को कैसे क्रियाशील बना सकते हैं इसकी जानकारी दी गई और योगाभ्यास भी कराया गया। स्वागत उद्बोधन उपप्राचार्य एवं आईक्यूएसी समन्वयक सिस्टर मंजू टोप्पो द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसएस अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम से नॉन टीचिंग स्टाफ एवं पीजी स्टूडेंट्स लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में रेड क्रास इकाई की प्रभारी दिव्या सिंह उपस्थित रहीं।





## एएसपी ने श्री राम सेना समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की ली बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।



रामनवमी के अवसर पर राम सेना द्वारा 28 मार्च को दुर्गा मंदिर गांधी चौक से महामाया मंदिर तक शोभा यात्रा प्रस्तावित की गई है। इसी के मध्यनजर

रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में श्री राम सेना समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित कर शोभा यात्रा के दौरान नियमों का पालन करने एवं सामाजिक शौहाद्र बनाए रखने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान शोभा यात्रा को समय पर तय स्थल से निकालने एवं तय समय के भीतर गंतव्य स्थल तक समय सीमा के भीतर पहुंचाने, शोभा यात्रा के दौरान प्रयुक्त डीजे में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तय मानकों के आधार पर संचालन करने, धार्मिक एवं सामाजिक शौहाद्र बिगाड़ने वालो गानों पर सख्त पाबन्दी लगाने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए गए। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबन्ध रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली सहित राम सेना समिति के सदस्य उपस्थिति रहे।

## बस ने कार को मारी टक्कर,पांच घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

शहर के आकाशवाणी चौक के पास रविवार की देर रात करीब 2.30 बजे बस व कार में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इंतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार सवार पांच लोग जख्मी हो गए। जिसमें महिला भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस दुर्घटनाकारी राजहंस बस को जब्त कर लिया है। अब तक इस मामले में अपराध दर्ज नहीं कराया गया है।

जानकारी के अनुसार राजहंस बस पटना बिहार से बारात लेकर वापस अंबिकापुर आ रही थी। रविवार की रात करीब 2.30 बजे शहर के आकाशवाणी चौक के पास पहुंची ही थी कि तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एनआर 9218 नावापारा की ओर से आकशवाणी चौक पार कर गुदरी बाजार की ओर जा रही थी। तभी चौक के पास बस व कार की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इंतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कार सवार पांच लोगों को घायल होने की बात सामने आई है। जिसमें महिलाएं भी शामिल है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार गुदरी चौक के किसी व्यक्ति की बताई जा रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस दुर्घटनाकारी राजहंस बस को जब्त कर लिया है। अब तक इस मामले में अपराध दर्ज नहीं कराया गया है।

## स्कॉर्पियो से आकर चोरों ने किया था बुलेट चोरी,तीन हिरासत में

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

कुछ दिन पूर्व शहर के मायापुर से स्कॉर्पियो से आकर चोरों ने बुलेट चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों द्वारा बुलेट चोरी करने के बाद कोबरबा में लेजाकर बेच दिया गया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व स्कॉर्पियो से तीन से चार युवक शहर के मायापुर पहुंचे थे और एक बुलेट को चोरी कर लेकर चल गए थे। पूरे घटना घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गया था। इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कटघोरा निवासी इंद्राल, सूरजपुर निवासी राजा व चांपा निवासी सूरज को हिरासत में लिया है। आरोपियों द्वारा शहर से बुलेट चोरी करने के बाद कोराबा में 35 हजार रुपए में बेच दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बुलेट भी जब्त किया है।

# खरना के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

चैती छठ शहर सहित जिले भर में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। चार दिन के इस महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो चुकी है। रविवार को इस महापर्व के दूसरे दिन खरना का अनुष्ठान किया गया। छठ व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रहने के बाद शाम में गुड़ से बनी खीर और रोटी प्रसाद में ग्रहण किया। इसके बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। सोमवार को पहला अर्घ्य डूबते सूर्य को देंगे और मंगलवार को सुबह का उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके साथ ही चार दिनों तक चलने वाला महापर्व संपन्न हो जाएगा। छठ पूजा में खरना का विशेष महत्व होता है। व्रतियों द्वारा नहाय खाय के दिन ही पूरे घर को पवित्र कर लिया जाता है। अगले दिन खरना के लिए तैयारियां शुरू हो जातीं हैं। खरना में व्रतियों द्वारा सुबह स्नान करके भगवान की पूजा की जाती है, पूरे दिन उपवास होने के साथ शाम में मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से खीर बनाई जाती है।





घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति करजी-सोहगा इस वर्ष पहली बार चैत छठ पर्व के लिये घुनघुट्टा नदी के तट पर श्रद्धालुओं को सुविधायें उपलब्ध कराने में जुट गया है। समिति पहली बार चैत छठ पर्व के लिये विशेष तैयारी कर रहा हैं। समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि सुविधाओं के अभाव में प्रायः चैत छठ व्रतियों द्वारा घर में मनाया जाता है, किंतु इस बार समिति के सदस्यों ने विगत 10 दिनो के मेहनत से घुनघुट्टा नदी के तट की साफ सफाई कर इसे छठ के लिये तैयार किया है। रविवार को घाट बांधने के दिन घुनघुट्टा नदी के तट पर करीब 50 छठ परवतियों ने घाट बांध कर तट पर छट पूजन को प्रारंभ किया है। इनमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। घुनघुट्टा के तट पर चैत छठ की तैयारियों के सिलसिलें में घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति करजी-सोहगा के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के साथ ही समिति के सदस्य उत्तम राजवाडे, नारद गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, शशि पाण्डेय, राकेश सोनी, गीता प्रसाद, प्रकाश सोनी, निलेश कश्यप आदि सक्रिय रहे।

# सख्त कानून लागू होने के बाद पहली बार हुआ विरोध प्रदर्शन,नहीं मिली काले कपड़े पहनने की अनुमति

**हांगकांग,26 मार्च 2023।** हांगकांग में रविवार को त्सुंग क्वान ओ के निवासियों ने सरकार का विरोध करते हुए मार्च निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में करीबन सौ लोग शामिल हुए। हालांकि इस दौरान करीबन 30 पुलिस अधिकारी मार्च की सख्त निगरानी करते रहे। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के कारण लगाए गए सख्त प्रतिबंधों के लागू होने के बाद हांगकांग में यह पहला विरोध प्रदर्शन है। हांगकांग की स्थानीय मीडिया ने इस मार्च के बारे में जानकारी दी।

### इस वजह से निकाला विरोध मार्च

हांगकांग की मीडिया के मुताबिक, त्सुंग क्वान ओ के निवासियों के एक समूह ने मेट्रो टाउन ओनर्स कमेटी द्वारा सरकार की योजना का विरोध करने के बाद मार्च निकाला। दरअसल, सरकार ट्रीटमेंट प्लांट और एक सीमेंट प्लांट सहित कई सार्वजनिक सुविधाओं को समायोजित करने के लिए त्सुंग क्वान ओ में क्षेत्र 132 का उपयोग करना चाहती है। सरकार की इस योजना का मेट्रो टाउन ओनर्स कमेटी विरोध कर रही है।

### अधिकारियों ने नहीं दी काले कपड़े पहनने की अनुमति



विरोध मार्च के आयोजकों में से एक साइरस चैन ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अपनी प्रचार सामग्री और नारों को लेकर पुलिस से संपर्क किया था। इस पर अधिकारियों ने मार्च में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को काले रंग के कपड़े पहनने की अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत सुबह 11 बजे टियू केंग लेंग स्पोर्ट्स सेंटर के बगल के एक पार्क से हुई। यहां सभी लोग इकट्ठे हुए। जिसके बाद प्रतिभागियों ने पुनर्ग्रहण परियोजना के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान बारिश भी हुई, बावजूद इसके प्रदर्शनकारियों ने बैनरों के साथ बारिश में भी मार्च जारी रखा। बाद में त्सेंग क्वान ओ साउथ लैंडिंग में दोपहर 1 बजे से यह समाप्त हुआ।

### विकास ब्यूरो ने किया बचाव

वहीं, इन लोगों के विरोध के जवाब में वहां के विकास ब्यूरो ने कहा है कि इस परियोजना का उद्देश्य समुदाय की दैनिक जरूरतों का समर्थन करना था ।उसने यह भी कहा कि वह इलाके के निवासियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का सम्मान करेगा और भूमि सुधार के पैमाने को कम करने की संभावना का अध्ययन करेगा।

### सख्त कानून लागू होने के बाद पहला विरोध प्रदर्शन

गौरतलब है कि साल 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के लागू होने के बाद से आधिकारिक रूप से किए जाने वाला पहला विरोध प्रदर्शन है। इससे पहले 5 मार्च को हांगकांग वूमेन वर्कर्स एसोसिएशन द्वारा एक विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसे एक पत्र प्राप्त करने के बावजूद अंतिम समय में रद्द कर दिया गया था।

## तुर्की व सीरिया को भूकंप से संबंधित सहायता प्रदान करना जारी रखेगा संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र,26 मार्च, 2023।** मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सहयोगी 6 फरवरी को विनाशकारी भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को सहायता प्रदान करना जारी रखे हुए हैं, जिसमें दो पड़ोसी देशों में 57,300 से अधिक लोग मारे गए थे। आज तक,



संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां और मानवीय सहयोगी लगभग 535,000 लोगों तक आश्रय सहायता के साथ पहुंच चुके हैं और लगभग 1.4 मिलियन लोगों को पानी, स्वच्छता और स्वच्छता सहायता प्राप्त हुई है और लगभग 47,000 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई हैं। प्रवासन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन का अनुमान है कि तुर्की में भूकंपों से 3 मिलियन लोग विस्थापित हुए थे। लगभग 1.7 मिलियन लोग अनौपचारिक बस्तियों में रह रहे हैं, जिनमें से कुछ में उचित जल और स्वच्छता सेवाओं का अभाव है। ओसीएचए ने कहा कि जमीन पर 345 से अधिक संगठन हैं जो प्रतिदिन लगभग 12.5 लाख लोगों को गर्म भोजन वितरित कर रहे हैं।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने खुद के खिलाफ हो रही जांच की तुलना रूसी हॉरर शो से की

**नई दिल्ली, 26 मार्च 2023।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद के खिलाफ हो रही जांच की तुलना रूस के हॉरर शो से की है। ट्रंप ने वाको, टेक्सास में अपनी पहली चुनावी रैली में उनके खिलाफ जांच कर रहे अभियोजक पर हमला किया। कहा कि अगले साल होने वाले राष्ट्रपति के मद्देनजर उनके खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है।

ट्रंप ने शनिवार को वाको के हवाईअड्डे पर जुटे अपने समर्थकों से कहा कि उनके चारों ओर घूम रही जांच स्टालिनिस्ट रूस हॉरर शो का हिस्सा लग रहा है। शुरुआत से एक के बाद एक हास्यास्पद जांच करवाई जा रही है। ट्रंप पर जेल जाने का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच, उन्होंने ये बयान दिया। कहा कि साजिश के तहत उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

ट्रम्प ने वैको में शाखा डेविडियंस धार्मिक संप्रदाय पर संघीय एजेंटो द्वारा की गई छापेमारी की 30वीं वर्षगांठ पर ये सम्मेलन आयोजित किया। छापेमारी के दौरान 86 लोग मारे गए थे। इसे दक्षिणपंथी लोगों पर हमला बताया गया था।



### पोर्न स्टार के मामले में फंसे हैं ट्रंप

दरअसल, पोर्न स्टार स्टॉर्मी का आरोप है कि ट्रंप ने नेवादा में एक सेलेब्रिटी गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान उन्हें अपने होटल रूम में बुलाया था। ट्रंप ने स्टॉर्मी को टीवी स्टार बनाने का वादा किया था। स्टॉर्मी के मुताबिक, ट्रंप और उनके बीच यौन संबंध बने थे। हालांकि ट्रंप इस बात से इनकार करते रहे हैं कि उन्होंने स्टॉर्मी के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। उनका कहना है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जुलाई 2007 में स्टॉर्मी डेनियल जब ट्रंप से मिली थीं, तब उनकी उम्र 27 साल थी और ट्रंप की 60 साल।

इस मामले पर फेडरल इलेक्शन कमीशन और फेडरल न्यूयॉर्क प्रोसिक्यूटर, दोनों ही गौर कर चुके हैं। हालांकि दोनों ने ही ट्रंप पर कोई एक्शन नहीं लिया था। अब मैनहट्टन की अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से मुख्य गवाह कोहेन होंगे। कोहेन अगस्त 2018 में ही अपना यह अपराध कबूल कर चुके हैं कि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने फाइनैंशियल गड़बड़ी की थी। उन्होंने स्वीकार किया था कि स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देने में उन्होंने मदद की थी। यही नहीं, उन्होंने प्लेबॉय की एक पूर्व मॉडल को पैसे देने की बात भी कबूली थी ताकि ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मदद ली जा सके। कोहेन ने कहा था कि यह सब उन्होंने ट्रंप के कहने पर किया था।

ट्रंप ने स्टॉर्मी से वादा किया था कि वह उन्हें NBC के रियलिटी शो 'द अप्रेंटिस' में ले जाएंगे। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। इसके बाद सात अक्तूबर 2016 को द वॉशिंगटन पोस्ट ने एक टेप पब्लिश किया। उसमें एक लाइव माइक्रोफोन पर ट्रंप की बातचीत रिकॉर्ड की गई थी। ट्रंप यह कहते सुने गए कि वह किस तरह महिलाओं को दबोच लेते हैं।

इसके बाद स्टॉर्मी डेनियल ने नैशनल इंक्वायरर से संपर्क किया। द इंक्वायरस के प्रकाशक डेविड पेकर दरअसल ट्रंप के मित्र थे और उन्होंने कोहेन को इसकी जानकारी दे दी। कोहेन ने डेनियल के वकील को एक लाख 30 हजार डॉलर खुद देने की बात मान ली। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने यह पैसा कोहेन को लौटाने के लिए खुद चेक साइन करके दिया था।

## भारतीय मूल की बच्ची की हत्या के दोषी को 100 साल की जेल,झगड़े में चलायी थी गोली

**वॉशिंगटन,26 मार्च 2023।** अमेरिका में एक 35 वर्षीय व्यक्ति को भारतीय मूल की बच्ची की हत्या के अपराध में 100 साल की सजा सुनाई गई है। बता दें कि आरोपी ने साल 2021 में अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में एक झगड़े के दौरान गोली चलाई थी, जो नजदीक के होटल में खेल रही बच्ची के सिर में जा लगी थी। गोली लगने से बच्ची की मौत हो गई थी, जिस पर अब अदालत ने दोषी को 100 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।



### क्या है मामला

भारतीय मूल की बच्ची की हत्या के दोषी जोसफ ली स्मिथ को जनवरी में पांच साल की माया पटेल की मौत का दोषी ठहराया गया था। बता दें कि घटना के वक्त माया पटेल एक होटल के कमरे में खेल रही थी, उसी दौरान एक गोली उसके सिर में आकर लगी। गोली लगने से घायल हुई बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन दिन तक जिंदगी और मौत के बीच लड़ने के बाद 23 मार्च 2021 को माया की मौत हो गई।

दरअसल होटल सुपर 8 मोटेल की पार्किंग में ही आरोपी जोसफ ली स्मिथ एक अन्य व्यक्ति के साथ झगड़ रहा था। इसी झगड़े में स्मिथ ने गोली चला दी जो उससे झगड़ा करने वाले व्यक्ति को तो नहीं लगी लेकिन पास के ही कमरे में खेल रही माया के सिर में जा लगी। बता दें कि माया के माता-पिता विमल और स्नेहल पटेल ही इस होटल के मालिक हैं और उनका परिवार मोटल के ही ग्राउंड फ्लोर पर रहता है।

जिला जज जॉन डी मोसेले ने बच्ची की हत्या के दोषी स्मिथ को 60 साल कड़े श्रम की सजा दी, साथ ही इस दौरान अपराधी को जमानत या पैरोल की सुविधा नहीं मिलेगी। इसके अलावा न्याय को बाधित करने और एक अन्य मामले में 20-20 साल की सजा सुनाई। इस तरह स्मिथ को कुल 100 साल की सजा सुनाई गई है।

## 'पंजाब के हालात पर हमारी नजर',कनाडा की विदेश मंत्री ने दिया बयान,भारत ने दी सख्त प्रतिक्रिया

**टोरंटो,26 मार्च 2023।** कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने वहां की संसद में अपने एक बयान में कहा कि कनाडा पंजाब के हालात पर करीब से नजर रख रहा है और कनाडा में रह रहे समुदाय को इसके बारे में जानकारी देता रहेगा। वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने विदेशी नेताओं के पंजाब को लेकर दिए बयान पर कहा है कि गलत और भ्रामक जानकारी पर विश्वास ना करें। बता दें कि पंजाब पुलिस ने वारिस पंजाब दे संगठन के कट्टरपंथी नेता अमृतपाल सिंह के कई सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और फरार अमृतपाल की तलाश की जा रही है।

कनाडा की विदेश मंत्री ने दिया पंजाब पर बयान

कनाडा की संसद में भारतीय मूल के सांसद इकविंदर एस गहीर के सवाल के जवाब में कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने कहा कि %हम पंजाब में बदलते हालात के बारे में जानते हैं और हम करीब से इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वहां जल्द ही हालात सामान्य और स्थिर हो जाएंगे।%



जॉली ने कहा कि कनाडा के नागरिक हमेशा सरकार पर भरोसा कर सकते हैं और हम उनकी चिंताओं को दूर करने का प्रयास लगातार करते रहेंगे। सांसद गहीर ने पंजाब में इंटरनेट सेवाओं के बंद होने का भी मुद्दा उठाया और विदेश मंत्री से इसे लेकर सदन को जानकारी देने की मांग की।

### कनाडा के प्रधानमंत्री ने कही थी ये बात

बीते बुधवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने सदन को बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही पंजाब में हालात सामान्य हो जाएंगे। बता दें कि कनाडा में हाल के समय में हिंदू विरोधी घटनाएं भी बढ़ी हैं। खालिस्तान समर्थकों द्वारा बीते दिनों कई हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया। इसे लेकर भारतीय दूतावास ने कनाडा की सरकार से शिकायत भी की थी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी।

### विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

वहीं विदेशी नेताओं और सांसदों द्वारा अमृतपाल मामले पर दिए जा रहे बयानों पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने विदेश में रह रहे लोगों से अपील की कि वह गलत और भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास ना करें, यह सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों द्वारा फैलायी जा रही हैं। प्रशासन एक भगोड़े को पकड़ने की कोशिश कर रहा है और इससे संबंधित सभी सूचनाएं समय समय पर संबंधित प्रशासन द्वारा साझा की जा रही हैं।

## वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास पर खालिस्तानी हमले की साजिश विफल,राजदूत को धमकाया,कहे अपशब्द

**वॉशिंगटन,26 मार्च 2023।** अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास में खालिस्तानी हमले की बड़ी साजिश विफल हो गई है। बता दें कि खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने भारतीय दूतावास में हिंसा भड़काने की कोशिश की और अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू को अपशब्द भी कहे। हालांकि अमेरिकी पुलिस और खूफिया विभाग की तत्परता से बड़ी घटना होने से टल गई।




### भारतीय राजदूत को कहे अपशब्द

अलगाववादी सिखों का एक समूह शनिवार को वॉशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास के बाहर इकट्ठा हुआ। इस दौरान कई अलगाववादी नेताओं ने समूह को संबोधित किया और भारत के खिलाफ आग उगली। इस दौरान भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू को अपशब्द कहे गए। हालांकि घटना के वक्त भारतीय राजदूत, दूतावास में मौजूद नहीं थे। इस दौरान कट्टरपंथी लोग भीड़ को दूतावास पर हमले के लिए उकसाते दिखे।

### लाठी डंडों से लैस होकर आए थे कट्टरपंथी

घटना को कवर कर रहे पत्रकारों का कहना है कि खालिस्तानी प्रदर्शनकारी अपने साथी लाठी-डंडे भी लाए थे और उन्हें प्रदर्शनकारियों ने नजदीक के एक पार्क में रखा हुआ था। इससे साफ है कि प्रदर्शनकारी भारतीय दूतावास पर हमले और तोड़फोड़ की तैयारी से वहां पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों की कोशिश थी कि सैन फ्रांसिस्को और लंदन की तरह भारतीय दूतावास पर हमला किया जाए और तिरंगे का अपमान किया जाए। हालांकि पुलिस की तत्परता से खालिस्तानी अपने मंसूबे में सफल नहीं हुए।

### पुलिस की सूझबूझ से विफल हुआ बड़ा हमला

खालिस्तानियों के मंसूबे की भनक अमेरिकी खूफिया एजेंसियों को लग गई। जिसके बाद तुरंत खूफिया विभाग के अधिकारी, भारी संख्या में पुलिस और सुरक्षाबलों के जवान भारतीय दूतावास पहुंच गए और दूतावास को सुरक्षा घेरे में ले लिया। इस दौरान कुछ कट्टरपंथियों ने दूतावास के अंदर दाखिल होने की कोशिश की तो पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें चेतावनी देकर वहां से जाने को कह दिया। जिस तरह से खालिस्तानी भीड़ को उकसा रहे थे, उससे हालात नियंत्रण से बाहर हो सकते थे लेकिन पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

## हवा में नजदीक आए एयर इंडिया-नेपाल एयरलाइंस के विमान, हादसा टला; एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को पद से हटाया

**काठमांडु ,26 मार्च 2023।** एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के बीच हुए एक हालिया विवाद त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को अगल आदेश तक पद से हटा दिया गया है। नेपाल के नागरिक उड्डयन विभाग ने यह कार्रवाई की है। बीती 24 मार्च को एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस की फ्लाइट्स हवा में आपस में टकराने से बच गई थी। विमानों के वार्निंग सिस्टम की वजह से बड़ा हादसा टला था।



### क्या है मामला?

दरअसल, बीते शुक्रवार को एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया था, जब एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस का एक विमान बीच हवा में काफी करीब आ गए थे। हालांकि, चेतावनी प्रणाली ने पायलटों को सतर्क किया, जिससे समय पर कार्रवाई की जा सकी और हादसे को टालने में कामयाबी हाथ लगी। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने लापरवाही के लिए हवाई यातायात नियंत्रक विभाग के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

### कैसे टला हादसा?

शुक्रवार की सुबह मलेशिया के कुआलालंपुर से काठमांडू आ रहा नेपाल एयरलाइंस का विमान और नई दिल्ली से काठमांडू आ रहा एयर इंडिया का विमान बहुत कही करीब आ गए थे। एयर इंडिया का विमान 19,000 फुट से नीचे उतर रहा था, जबकि नेपाल एयरलाइंस का विमान उसी स्थान पर 15,000 फुट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। रडार पर यह दिखाने के बाद कि दोनों विमान करीब हैं, नेपाल एयरलाइंस का विमान 7,000 फीट नीचे उतर गया।

### तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन

नागर विमानन प्राधिकरण ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। सीएएएन ने उन दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जो घटना के समय कंट्रोल रूम के प्रभारी थे। एयर इंडिया की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

## यूके में रहने वाले लोगों में हिंदू सबसे ज्यादा स्वस्थ और योग्य,जनगणना आंकड़ों के विश्लेषण में हुआ खुलासा

**लंदन,26 मार्च 2023।** इंग्लैंड और वेल्स की जनगणना में खुलासा हुआ है कि यूके में रहने वाले सभी धर्म के लोगों में हिंदू सबसे स्वस्थ और योग्य हैं। इतना ही नहीं, इंग्लैंड और वेल्स की जनगणना के नवीनतम आंकड़ों के अमुसार, ब्रिटेन में रहने वाले लोगों में सिख समुदाय के लोगों के पास खुद का घर होने की संभावना सबसे ज्यादा है। यूके के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) ने इस सप्ताह जारी की गई अपनी नई रिपोर्ट %रिलिजन बाय हाउसिंग, हेल्थ, एम्प्लॉयमेंट एंड एजुकेशन% में यह दावा किया है।

### ओएनएस कर रहा 2021 की जनगणना का विश्लेषण

जानकारी के मुताबिक, यूके का राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) मार्च 2021 में की गई ऑनलाइन जनगणना की प्रतिक्रियाओं के आधार पर देश की आबादी के लिए विभिन्न उपश्रेणियों में जानकारी जारी करने के लिए जनगणना के आंकड़ों का विश्लेषण कर रहा है। अपने इसी विश्लेषण के आधार पर उसने इस सप्ताह %रिलिजन बाय हाउसिंग, हेल्थ, एम्प्लॉयमेंट एंड एजुकेशन% नामक अपनी नई रिपोर्ट जारी की है। इसमें ओएनएस ने पाया कि यूके में रहने वाले धार्मिक समूहों के लिए जीवन स्तर में काफी भिन्नता है।

### हिंदुओं का स्वास्थ्य सबसे बेहतर

यूके के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण में पाया है कि 2021 में कुल आबादी 82 प्रतिशत की तुलना में 87.8 प्रतिशत हिंदुओं का स्वास्थ्य या तो %बहुत



अच्छा% या %अच्छा% था। साथ ही हिंदुओं में दिव्यांगता का सबसे कम प्रसार (8.8 प्रतिशत) है, जबकि इसके बाद सिख (10.8 प्रतिशत) और मुस्लिम (11.3 प्रतिशत) थे, जो इंग्लैंड और वेल्स के लिए 17.5 प्रतिशत के कुल आंकड़े से काफी नीचे है।

साथ ही कुल जनसंख्या के 33.8 प्रतिशत की तुलना में हिंदुओं में %स्तर 4 या उससे ऊपर% योग्यता का उच्चतम प्रतिशत 54.8 प्रतिशत है। केवल 31.6 प्रतिशत ईसाइयों ने बताया कि उनके पास समान स्तर की शिक्षा है, जो किसी भी धर्म द्वारा सबसे कम रिपोर्ट की गई है।

### सबसे ज्यादा 77.7 फीसदी सिखों के पास अपना घर

इसके अलावा ओएनएस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि यूके में रहने वाले लोगों में सिख समुदाय के लोग सबसे ज्यादा थे, जिनके पास अपना खुद का घर था। यहां रहने वाले 77.7 प्रतिशत सिखों के पास अपना घर है।

गौरतलब है कि साल 2021 का जनगणना सर्वेक्षण पूरे इंग्लैंड और वेल्स में किया गया थाष इस सर्वे में 24 मिलियन से अधिक परिवारों ने भाग लिया था। उस सर्वेक्षण के डेटा का विश्लेषण करने के बाद अब ह्रहस्र द्वारा चरणों में प्रकाशित किया जा रहा है। इससे पहले जारी किए गए विश्लेषण में सामने आया था कि यूके में ईसाई पहली बार आधी आबादी से नीचे आ गए हैं, जबकि हिंदू, मुस्लिम और सिखों ने आबादी में थोड़ी बढ़ोतरी दर्ज की है।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एमसीबी जिलाध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने प्रशासन व विधायक पर उठाए सावल

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,26मार्च 2023
(घटती-घटना)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एमसीबी अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोनहत भरतपुर विधायक से कुछ सवाल किए है कहा की इनकी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा कल 25 मार्च को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जो स्पष्ट है जिस जगह में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था वहां धरना प्रदर्शन करने का अनुमति किसने दिया? सत्ता पक्ष विपक्ष आपसी राजनीति चमकाने के लिए एक हो जाते हैं वही एक आदिवासी महिला पर फर्जी एफआईआर के तहत शराब के मामले में जेल भेज दिया जाता है। सोनहत भरतपुर विधायक उसमें चुप्पी साधे हुए हैं पर 26 मार्च को विधायक महोदय फिर से धरना में बैठ गए, मरकाम ने कहा गांव की जनता जाग चुकी है कलेक्टर को कई बार आवेदन दिया गया उस पर कार्यवाही आज तक नहीं हो रही है उस पर भी चुप्पी साधे हुए हैं विधायक। अहम विषय तो यह भी है की विधायक गृहग्राम साल्ही में ऐसे कई मामला है जिस पर आज तक वर्तमान विधायक जी कुछ नहीं बोल रहे हैं आखिर वजह क्या है?



गौठान निर्माण कार्य पूर्व से आरक्षित भूमि जिसका ख, नं,279 है।उस पर न बनाकर ख, नं 149 पर नियम विरुद्ध बिना ग्रामसभा का जबरन बनाया गया है। वनाधिकार पत्र हेतु जगरनाथ, सुरजीत कमरो (विधायक का छोटा भाई),पवन सिंह का गलत तरीके से नियम विरुद्ध फाईल तैयार करके भेजा गया। जगरनाथ द्वारा गलत तरीके से पूर्वजों से काबिज मनोहर का जमीन को अन्य किसान का बताकर बिना निराकरण और सार्वजनिक किये बिना ही गोपनीय तरीके से रजिस्ट्री कराई गई है। सन 1980-81 में तात्कालिन ग्राम पटेल (विधायक जी के दादा) द्वारा पवन शर्मा, राधिका देवी, सुमनलता के नाम गोपनीय तरीके से नियम विरुद्ध पट्टा दिया गया है। जिसका मामला आज एसडीएम मनेन्द्रगढ में विचाराधीन है। ये सिर्फ उनके गृहग्राम साल्ही का मामला है।ये सब मामला में विधायक जी आज तक क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। इन सब मामलों में कब कार्यवाही होगी। अपने गांव के मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए विधायक गुलाब कमरो जी। गलत करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं करवाते है। बल्कि उनका संरक्षण देते हैं ऐसा क्यों विधायक जी? इस पर भी आवाज उठाईये और कार्यवाही करवाईये।

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक : शिव भजन सिंह मरावी

- संवाददाता -
सूरजपुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंह मरावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं किसान पुत्र भूपेश बघेल का सूरजपुर ज़िले के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए आने वाले खरीफ़वर्ष में 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा को ऐतिहासिक घोषणा कहा है जो कि किसानों के लिए एक बड़ी सौगात है इस घोषणा से सूरजपुर जिले के किसानों में खुशी की लहर है। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी से किसान आर्थिक रूप से और अधिक संपन्न होंगे और किसानों को आर्थिक मज़बूती मिलेगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, पिछड़े वर्गों, छोटे व्यापारियों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गों के विकास के लिये काम कर रही है। श्री मरावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आने वाले ख़रीफ़वर्ष के लिए समर्थन मूल्य पर 2800 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से यह साबित होता है कि कांग्रेस पार्टी ही किसानों की सच्ची हितैषी है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी है जिन्होंने पिछले पंद्रह वर्षों तक धान के समर्थन मूल्य और बोनस के नाम पर प्रदेश के किसानों को केवल ठगा है।



# शब्दों में बड़ी ताकत होती है संभलकर बोलें:टंक राम वर्मा

- सौरभ यादव -
तिल्दा-नेवरा,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

समीपस्थ ग्राम पुरान (ठेलकी) में दो दिवसीय भव्य मानव गान समारोह का आयोजन ग्रामवासियो के द्वारा किया गया द्य प्रथम दिवस में अंचल के सात मानस मंडलियो ने भाग लेकर श्री राम कथा का सुंदर प्रस्तुति दिया। मानसगान समारोह में समाजसेवी एवं स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के संयोजक टंक राम वर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। ग्रामवासी एवं आयोजन समिति के द्वारा श्रीफल एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। समाजसेवी टंक राम वर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राम कथा त्याग एवं समर्पण की कथा है। जहां दूसरे के अधिकार को छीनने या हड़पने की बात आती है वहां महाभारत की शुरुआत होती है और जहां अपने अधिकार को छोड़ने या त्याग करने की बात आती है वहां रामायण की शुरुआत होती है इसलिए संत कहते हैं कि घर में महाभारत नहीं रामायण को रखिए ताकि अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती रहे। आगे कहा कि हमारे जीवन में हमारे वाणी का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है उनके उपयोग और दुरुपयोग से हमारे संबंध बनते और बिगड़ते हैं। व्यक्ति जन्म से ना किसी का मित्र होता है और ना ही किसी का शत्रु होता है। उनके वाणी और कर्म ही व्यक्ति को किसी का दुश्मन तो किसी का मित्र बना देता है। शब्दों में बड़ी ताकत होती है किसी के कान में ऐसे शब्द बोल दिया जाता है कि आदमी आतंकवादी बन जाता है और किसके कान में ऐसी शब्द डाल दिया जाता है कि करोड़पति अरबपति भी अपने संपत्ति को छोड़कर साधु संत बन जाता है यह केवल शब्दों का कमाल है। महाभारत युद्ध होने के अनेक कारण हो सकते हैं लेकिन सबसे बड़ा कारण था द्रोपदी का दुर्योधन को इंद्रपस्त के महल में गिरते देखकर यह कहना कि आखिर अंधे का पुत्र अंधा ही होता है यह शब्द जब दुर्योधन के कान में गया तो बड़ा घाव पैदा कर दिया जिसे मरते दम तक नहीं भूल पाया और महाभारत युद्ध का सबसे बड़ा कारण बना इसलिए हम सबको सोच विचार कर बोलना चाहिए जिससे हमारे बीच आपस में संबंध खराब ना हो। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दाऊ बसंत वर्मा, रामेश्वर यादव (भाजपा नेता पौंसरी) रविंद्र वर्मा पूर्व सरपंच, डॉ हरिराम वर्मा, अश्वनी वर्मा, भागीरथी वर्मा, संतु राम वर्मा, नंदू यादव, केजू रामदेव ध्रुव, समय ध्रुव, नंद लाल वर्मा, गीत राम साहू, तीजराम यादव, अमरनाथ यादव, चंद्रिका वर्मा, सुखबती वर्मा, दीपक यादव, लक्ष्मी वर्मा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# संविधान से कोई बड़ा नहीं सम्मान करना चाहिए,देश के प्रधानमंत्री के पोस्टर पर कालिख पोतना अमानवीयकृत,निदनीयः रेणुका सिंह अध्यक्ष

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

देश में संविधान सब के लिए समान है चाहे वो कोई प्रधानमंत्री, मुख्यंमत्री,मंत्री या सांसद हो। अभी देश के एक सांसद के ऊपर संविधान में निहित अधिनियमों के अनुरूप कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा की गई है इसमें माननीय न्यायालय के फैसले का सम्मान करना चाहिए। परंतु कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा होली के उपल्यक्ष में भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के द्वारा बधाई सुभकामनाओ के लिए लगाए गए बैनर पोस्टर पर देश के प्रधानमंत्री पर कालिख पोतना कांग्रेस के अमानवीय कृत्य और कुरता को दर्शाता है। साथ ही भाजपा के पदाधिकारियों के साथ सामूहिक पोस्टर के साथ फाड़ कर फेकना बहुत ही गलत है जिसका जितना निंदा और भर्त्सना किया जाए कम है। उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के द्वारा बताया गया ,उनके द्वारा बताया गया की शहरो में बैनर पोस्टर लगाने के लिए अधिकृत ठेकेदार होता है अधिकृत ठेकेदार से शुल्क जमा कर बैनर पोस्टर लगाया गया है उसमे इस प्रकार की घटना वास्तव में कांग्रेस सरकार की कानून व्यवस्था और कार्यकर्ताओं पर सवालिया निशान लगाता है,और इनका गुंडागर्दी चरम पर है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रशासन,जिला एमसीबी के पुलिस अधीक्षक से मांग किया है की इस कृत्य में सलिप्त कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर एफआईआर करते हुए कठोर से कठोर कार्यवाही करे। साथ ही जिला एमसीबी के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषियो के ऊपर एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाही की मांग किया गया है। कार्यवाही नही होने की स्थिति में भाजपा जिला एमसीबी के द्वारा चेतावनी दिया गया की उग्रआंदोलन किया जायेगा ।जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।







# ग्राम डुमरिया एवं नरेशपुर में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




- संवाददाता -
सूरजपुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, गोविन्द नारायण जांगडे के मार्गदर्शन में रविवार को ग्राम पंचायत डुमरिया एवं नरेशपुर में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन। जागरूता शिविर में राजेंद्र कुमार वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर एवं असलम खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सूरजपुर उपस्थित रहे। शिविर में राजेंद्र कुमार वर्मा ने ग्रामिणजन को सिविल मामले के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ज्यादातर मामले पैतृक संपत्ति में विधिवत बटवारा न होने के कारण घर परिवार में लड़ाई झगडे के होते हैं । पैतृक संपत्ति का बंटवारा पीढ़ी दर पीढ़ी सही समय पर विधिवत होता रहे तो भाई भाई के मध्य होने वाले लड़ाई झगड़े काफी कम हो जायेंगे। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा अगर आपके हाथों कोई घटना घटित हो जाती है तो आप यह कह कर नहीं बच सकते कि हमें कानून की जानकारी नहीं थी अगर आप के हाथों कोई अपराध घटित हुई है तो आपको कानून में दिए प्रावधानों के अनुसार उस अपराध की सजा भुगतनी पड़ेगी। आगे उन्होंने प्रथम सूचना रिपोर्ट, माता पिता वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, लोक अदालत एवं अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की। असलम खान ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए कहा न्याय पाने का सभी को समान अधिकार है। यदि आप अपना प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहते या आपका कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो आपकी गरीबी आपको न्याय दिलाने में रूकावट नहीं होगी, अब आपके प्रकरणों में तहसील स्तरीय न्यायालय से उच्चतम न्यायालय तक विधिक सेवा समितियां कार्य कर रही है. जो निःशुल्क सेवा प्रदान करती है। उन्होंने आगे कहा देश के सभी जिला न्यायालय, उच्च न्यायालयों में विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय संचालित है। जहां से अपने प्रकरण संबंधी सलाह या अपने प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति निःशुल्क शासन के खर्चे पर प्राप्त किया जा सकता है। आगे उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा यदि आपके पास गाड़ी है तो उसे बच्चों को चलाने की अनुमति बिलकुल न दे जब तक वो बालिक न हो जाएं और उनका ड्राइविंग लाइसेंस न बन जाए साथ ही गाड़ी का बीमा एवं अन्य दस्तावेज सही रखे उन्होंने आगे कहा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाना अपराध की श्रेणी में आता है बिना ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर जुर्माना हो सकता है लेकिन अगर उसी गाड़ी से दुर्घटना हो जाती है तो आप बहुत बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं। आगे उन्होंने चोरी संबंधित अपराध, सायबर अपराध प्रथम सूचना रिपोर्ट तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# जमीन विवाद को लेकर भाई ने भाई को उतारा मौत के घाट

- संवाददाता -
सूरजपुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

जिले के बिहारपुरा चाँदनी बिहारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विशालपुर में रविवार को सगे भाई को उसके ही भाई ने बलुआ और पत्थर लाठी से मारकर मौत के घाट उतार दिया है मामला यह था कि ग्राम विशालपुर निवासी रामलाल सिंह ने शासकीय जमीन को खुदवा कर खेत बनवाया था।



जिसमे हिस्सा बंटवारा मांग रहा था मृतक भाई रामगोविन्द सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष तो नहीं देने पर मृतक जेसीबी मशीन लेकर के खेत बनवाने जा रहा था।

उसी दरमियान अनावेदकगण मौके पर पहुंचकर बलुआ पत्थर लाठी से सिर पर वार कर दिया।

गंभीर चोटें आने कि वजह से ही घटना स्थल पर ही मौत हो गया ग्रामीणों द्वारा घटना कि जानकारी पुलिस कों दिया गया. सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव कों कब्जे मे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर में पोस्टमार्टम के लिए तत्काल भेजा है।



मामले की जांच पुलिस कर रही है और क?ई अन्य लोगों को चोटें आई है तथा हत्या करने मे और कितने लोग शामिल थे द्य फिलहाल सभी आरोपी फरार बताये जा रहे है खबर लिखें जाने तक यह स्पष्ट नहीं हों पाया है कि यह हत्या जमीन विवाद है या कुछ जांच उपरान्त ही इस मामले का खुलासा हों पाएगा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ द्वारा ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम हुआ सम्पन्न








- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ द्वारा ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम दिनांक 25 मई शनिवार को आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि माननीय डीईओ अजय मिश्रा जी थें। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्ति डिस्टिक जज आनंद दीक्षित, एस.डी.एम श्रीमती नयनतारा तोमर, मनेन्द्रगढ़ कोर्ट मजिस्ट्रेट श्रीमती एकता अग्रवाल ,चेयरमैन रमेश सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुगंधित तथा पुलकित कर दिया।

डायरेक्टर व्यंकटेश सिंह तथा पुनम सिंह एंव प्रिसिपल अंशुमन सक्सेना द्वारा डीईओ सर का स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी शिक्षकगण ने अपना परिचय देते हुए डीओ सर तथा मैम का स्वागत किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवल के साथ सरस्वती वंदना एंव स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस सिलसिले को आगे बढ़ते हुए सभी अतिथियो को तिलक, बैंच तथा पुष्प गुच्छो के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के नृत्य-गायन सम्मिलित थे। सर्वप्रथम यू के जी के बच्चों द्वारा प्रार्थना की गई तत्पश्चात उनके नृत्य प्रस्तुत किया गया। इन्ही विद्यार्थियो द्वारा फिर कौन बनेगा जी के एक्सपर्ट तथा विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक मोबाइल ऐप्लीकेशन के बारे में बताया गया।

इसी क्रमवार आगे बढ़ते हुए नर्सरी और एलकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आर्कषण केन्द्र में सभी सम्मानित माताओं द्वारा रैम्प वॉक तथा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इन महिलाओं ने यह साबित किया कि चाहे कोई भी क्षेत्र हो वे सदैव सर्वश्रेष्ठ है। नर्सरी बच्चों के द्वारा योगा तथा जीरो की महत्ता बताते हुए इयान जय जरिद द्वारा नाटक रहा। इसके उपरान्त यूकेजी के विद्यार्थियों-अभिनव शुक्ला, अनन्त विजय सिंह तोमर, अद्वर्ति सिंह, अलख सिंह रैना, अनाया सिंह, अर्तिका शुक्ला, अव्या मेहर, अनिरूद्ध अग्रवाल, अंश सिंह, अरायना सिंह, अरनव सेन, अतिफा अयानन्शु, दीप अरोरा, इयान जय जरिद, कविन कौर, कृति, नत्या निष्ठा, रिधम, रौनक ,रिद्दिमा साई प्रिशा, समृद्धि सराफ, सान्वी, सानिया, सार्थक, समृद्धि पटेल, सान्वी कर्ष, श्रेया, शर्यि तल्लानी, सोनिया, वन्या अग्रवाल, वैदिक, यंवाश सराफ, प्रार्थना तथा परिधि अग्रवाल को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट दिए गए। डी.ओ.सर ने कार्यक्रम की प्रंशसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय अपने बच्चों का चहुंमुखी विकास कर रहा है और यह अपनी शिक्षा की गुणवत्ता को इसी प्रकार बनाए रखे इसी क्रम में चेयरमैन सर ने सभी अभिभावकों से कहा कि भविष्य में विद्यालय में फाउडेशन कक्षाएँ, डे बोर्डिंग जैसी अन्य सुविधाएँ बच्चो के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। सभी अभिभावकों को स्वअल्पाहर भेंट किया। अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के प्रसन्न चित्त मुख के भाव कार्यक्रम की सफलता का परिचायक रहा, प्रिसिपल सर तथा सभी शिक्षक गण द्वारा सभी अतिथियों तथा अभिभावक-विद्यार्थियों कों सहर्ष विदाई की गई और इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ।

# होटल में ले जाकर नौकरी लगवा देने का झांसा देकर युवक से अप्राकृतिक कृत्य,आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

एक युवक अपने घर जाने अंबिकापुर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान वहां एक व्यक्ति पहुंचा और उसे यह कहकर अपने साथ होटल ले गया कि उसे भी सुबह उसी क्षेत्र में जाना है। होटल में उसने युवक से कहा कि वह उसकी नौकरी लगा देगा, इसके लिए उसे 1 लाख रुपए देने होंगे। इस दौरान उसने उसके खाते से 4 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद उसने युवक से बलपूर्वक अप्राकृतिक कृत्य किया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस बस स्टैंड सहायता केंद्र की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। उत्तर प्रदेश के बभनी निवासी एक युवक दूसरे राज्य में काम करता है। वहां से वह शुक्रवार की शाम अंबिकापुर पहुंचा और बभनी जाने प्रतीक्षा बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रहा था। युवक को अकेला बैठा देख ग्वालियर निवासी ओमप्रकाश गुप्ता उसके पास पहुंचा। युवक उससे पूर्व परिचित नहीं था।

इसी बीच ओमप्रकाश गुप्ता ने उससे बातचीत शुरु कर कहा कि पुराना बस स्टैंड से उसे बभनी जाने के लिए बस मिल जाएगी। इसके बाद वह उसे लेकर पुराना बस स्टैंड आ गया। यहां सुबह बस मिलने की बात कहकर पुराने बस स्टैंड के पास ही स्थित एक होटल में ले गया। यहां उसने युवक से कहा कि वह उसकी अच्छी नौकरी लगवा देगा, इसके लिए उसने युवक से 1 लाख रुपए की मांग की। युवक ने असमर्थता जताई तो उसके खाते से अलग-अलग बार कोड देकर 4 हजार 70 रुपए ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद उसने युवक से अप्राकृतिक कृत्य किया।

सूत्रों के अनुसार आरोपी ने युवक को रातभर बांधे रखा था। सुबह आरोपी खुद पीड़ित को बस स्टैंड छोड़कर होटल लौट आया। इधर युवक ने अपने परिजन को पूरी बात बताई तो वे बभनी से अंबिकापुर पहुंचे। इसके बाद युवक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश गुप्ता के खिलाफ धारा 420, 377 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु की। इसी बीच पुलिस आरोपी को शनिवार की देर शाम होटल के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मेण्ड्रकलॉ के गौठान में रीपा प्रोजेक्ट का सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

महात्मा गाँधी रूरल इण्डस्ट्री पार्क (रीपा) प्रोजेक्ट का वर्चुअल लोकार्पण मेण्ड्रकलॉ के गौठान में . मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष विशुन दास महंत सरपंच मेण्ड्रकलॉ सुमित्रा तिर्की, ढाब सरपंच बाना कुजुर , बीडीसी असिता केरकेट्टा जनपद वाईपी सुलेखा जी महिला कलस्टर हेड जसवन्ती कुजुर पंजगण बडहाराम, श्यामाशकर इशाहक, उदयदास, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुनेश्वर राजवाडे शिवलाल, तेजन मिंज, गौठान समिति के अध्यक्ष रामकुमार, देवनन्दन तिर्की एवं प्रशासन से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान रायपुर से आये हुये. उद्यानिकी विभाग से परदेशी महानंद जी द्वारा उत्पादित होने वाले जैम-जैली, आचार एवं चना मुर्रा इण्डस्ट्री के बारे में गाव वालो को मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन पश्चात बताए कार्यक्रम का वर्चुअल लोकार्पण पश्चात अतिथियों द्वारा फीती काटकर शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों के द्वारा संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन मेण्ड्रकलॉ सरपंच पति देवनंदन तिर्की जी एवं संचालन रामकुमार दिगम्बर यादव के द्वारा किया गया कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात आए समस्त ग्रामवासियों को मिष्ठान वितरण कर इस वर्चुअल लोकार्पण का सभी के बीच साझा किया गया इस पार्क के खुलने से गाँव के लोगो मे हर्ष व्याप्त है।

# पुलिस ने छात्रा का दुष्कर्मी आरोपी को सक्ती से किया गिरफ्तार



- संवाददाता -
कोरबा,26 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

हरदी बाजार क्षेत्र में एक छात्रा परीक्षा दिलाने के लिए स्कूल गई पर वह अनुपस्थित रही और फिर लापता हो गई। उक्त मामले अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा खोजबीन शुरू की गई जिसपर आरोपी को जिला सक्ती से बरामद किया गया। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए जाने की पुष्टि उपरांत आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

हरदीबाजार थाना प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र की निवासी कक्षा 10वीं की छात्रा को उसके पिता ने परीक्षा दिलाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाईबाजार 21 मार्च को छोड़ा था। कुछ समय बाद पिता को फोन आया कि छात्रा अनुपस्थित है। स्कूल जाकर पता करने पर छात्रा नहीं मिली। अपने स्तर पर पतासाजी किया तो दर्री थाना अंतर्गत श्याम नगर निवासी नितेश कुमार राठौर पिता शिव कुमार राठौर 22 वर्ष पर संदेह उत्पन्न हुआ। पिता ने थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराया जिस पर धारा 363 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी शुरू की गई। विशेष टीम को इनके सक्ती जिला के मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम सकर्रा में होने का पता चला, जहां से छात्रा को बरामद कर आरोपी नितेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता के कथन और परीक्षण उपरांत प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 363 के अतिरिक्त धारा 366, 376 भादवि एवं पाक्सो एक्ट की धारा 4 भी जोड़ी गई। इस कार्यवाही में एसआई मयंक मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई विजय सिंह, आरक्षक संजय चंद्रा, प्रवीण राजवाड़े, कमल कैवर्त, गौकरण श्याम, गौतम पटेल की अहम भूमिका रही।

# राजस्व मंत्री ने अशोक वाटिका में चल रहे निर्माण कार्यो का लिया जायजा

- संवाददाता -
कोरबा,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा कोरबा में लगभग 10 करोड़ की लागत से अशोक वाटिका में करवाए जा रहे विकास कार्यों का लिया गया जायजा । अशोक वाटिका लगभग 53 एकड क्षेत्र में फैला है, जिसके परिसर में करीब 28 एकड क्षेत्र सघन वृक्षों से आच्छादित है, जिसे यथावत रखा गया है। शेष 25 एकड़ क्षेत्र में पर्यावरण सुधार सहित मनोविनोद के लिए विभिन्न कार्य करवाए जा रहे हैं। अशोक वाटिका का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो जाने पर आम नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस विकास कार्य के अंतर्गत मॉर्निंग वॉक, व्यायाम, पिकनिक अथवा अन्य आयोजनों के लिए अलग अलग निर्माण किया जा रहा है जिससे जिलेवासियों एक स्थान पर बहुत बड़ी सुविधा मिल सकेगी।



# लुण्ड्रा विधायक ने बेलदगी और अमदला में जन चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं,किया त्वरित निराकरण

- संवाददाता -
लखनपुर,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

अध्यक्ष लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम अपने विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के लखनपुर विकासखंड ग्राम पंचायत अमदला एवं बेलदगी में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर तो रेत निराकरण करते हुए दर्जनों ग्रामीणों का चौपाल में ही इलाज कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा सड़क, बिजली, पानी, शेड, स्टेज की मांग किया गया जिसके लिए आश्वस्त किया एवं बेलदगी में मंदिर के पास शेड, तुरियापारा में पुलिया निर्माण, कोरवापारा में मेन रोड से नदी तक सीसी सड़क निर्माण की मांग की गयी। सीजीएमएससी अध्यक्ष अनुराग विधायक ने तत्काल निर्माण कार्यों की घोषणा कि। साथ ही अमदला ग्रामवासियों के द्वारा अपनी समस्या के बारे में बताया कि बिजली खम्भा को घर के उपर से हटाया जाए जिस पर विधायक जी ने तत्काल दूरभाष के माध्यम से अभियंता विद्युत विभाग एवं बेलदगी में तेंदू पत्ता तोड़ने वाले संग्राहकों की मृत्यु होने उपरांत उनके परिवारो को फड़ मुंशी द्वारा बीमा राशि दिलाने के बदले राशि वसूली को लेकर अवगत कराया गया जिसके निराकरण के लिए छस्त्रह्न सरगुजा को तत्काल मौके पर ही निर्देशित किया, अमदला में शैला, कर्मा एवं बेलदगी में गौरा नृत्य करने वालो को मेरे द्वारा सम्मानित किया गया एवं 16 अत्यंत गरीब हितग्राहियों को मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत स्वेच्छानुदान चेक वितरण किया साथ ही गांव में आये अस्वस्थ व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई वितरण किया गया।



उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेन्द्र पाण्डेय, मुकेश सिंह, संतोष साहू, प्रयाग सिंह, उमेश दत्तवर, सरपंच रामरूप , क्षेत्रीय सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# भाजपा कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए तोड़फोड़ के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

- संवाददाता -
कोरबा,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विवादित बोल के खिलाफ लगाए गए याचिका में सुनवाई के बाद फैसला आ गया जिसमे राहुल गांधी को दोषी माना और 2 साल की सजा सुनाते हुए उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर दी जिसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपद्रव मचाते हुए रायपुर और कोरबा के भाजपा कार्यालय में घुस आए और जमकर हंगामा किया जिसको लेकर भाजपा, भाजयुमो कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को मांग को लेकर कल रात ही कोरबा के भाजपा कार्यकर्ताओं सी.एस.ई.बी चौकी कोरबा का घेराव कर दिया और पुनः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की भाजपा के पदाधिकारियों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कृत्य को अशोभनीय बताते हुए कहा की क्या कांग्रेस कार्यकर्ता न्यायालय से बड़े हो गए है जो कोर्ट के फैसले का भी गलत तरीके से विरोध कर रहे है साथ ही प्रदेश में व्यापक गुंडा राज का भी जमकर विरोध किया भाजयुमो के पदाधिकारियों ने कहा की अगर उपद्रिवों की जल्द गिरफ्तारी नही हुई तो भाजपा और भी उग्र आंदोलन करेंगे,इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लांबा,जिला महामंत्री संतोष देवांगन, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, नवीन पटेल,भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, उपाध्यक्ष रंजू यादव, नवदीप नंदा,अजय चंद्रा, मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा,भाजयुमो कोषाध्यक्ष विकास झा,अनिरुद्ध चंद्रा ,सतीश झा, गोलू पांडे,प्रीति स्वर्णकार, सुभाष राठौर,वैभव शर्मा विशाल सचदेव, रामअवतार पटेल दीनदयाल पटेल ,नवनीत शुक्ला, दिनेश सेन, पिंकू रंजन, असलम खान,धनंजय चौहान ,संजय यादव, आनंद बरेठ, कमल यादव,पुनिराम साहू, अर्चना रुनिझा, राजेश सोनी, राजेश राठौर सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सर्वमंगला मंदिर में पंचमी के अवसर पर जगमगाते मन्नत दीप के साथ श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





- संवाददाता -
कोरबा,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्रि का पांचवा दिन मां दुर्गा की पांचवी शक्ति मां स्कंदमाता हैं. रविवार को मां स्कंदमाता की पूजा की गई. देवी स्कंदमाता कार्तिकेय यानी कि स्कंद कुमार की माता हैं, इसलिए इन्हें स्कंदमाता नाम दिया गया है. भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं. कहते हैं कि नवरात्रि में निसंतान दंपत्ति को स्कंदमाता की विशेष उपासना करनी चाहिए, पौराणिक मान्यता है कि स्कंदमाता की आराधना से सूनी गोद जल्द भर जाती है.

नवरात्र पर्व का उत्साह पूरे चरमोत्कर्ष पर आ चुका है। पर्व के पहले दिन बोए गए जवारों में हरियाली आ चुकी है। लहलहाते हुए हरे भरे जवारा के बीच मन्नत की दीप ज्योति का दर्शन करने श्रद्धालुओं की कतार लगने लगी है। रविवार पंचमी तिथि को मंदिरों में दर्शनार्थी भक्तों ने स्कंदमाता की पूजा की।नवरात्र का उल्लास श्रद्धालुओं में बढ़चढ़कर देखा जा रहा है।

पंचमी पर्व पर शहर के मां सर्वमंगला मंदिर में सुबह से ही भीड़ शुरू हो गई थी। भक्तों ने पारी का इंतजार कर देवी दर्शन किया। जगमग ज्योति कलश में जवारे के साथ लौ की शोभा बढ़ी हुई है। मन्नत की ज्योत प्रज्ज्वलित करने वाले श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन करने पहुंच रहे हैं। अष्टमी पर बुधवार को देवी के अष्ठम रूप महागौरी की पूजा की जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में उमड़ी आस्था पर्वतवासिनी मां मड़वारानी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पंचमी से पर्व शुरू होने के बाद मन्नत की ज्योति का दर्शन करने लगातार दर्शनार्थी मंदिर पहुंच रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ मीडिया एसोशियेशन का मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

- संवाददाता -
तिल्दा-नेवरा,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का महासंघ छत्तीसगढ़ मीडिया एसोशियेशन का मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुआ उक्त बैठक में अनुशासनहीनता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी किया गया। रायपुर जिला तिल्दा नेवरा नगर के विश्राम गृह मे छत्तीसगढ़ मिडिया एसोशियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत के उपस्थिती में समीक्षा बैठक किया गया, उक्त बैठक में विभीन्न निर्णय लिये गये, वहीं अनुशासन हिनता के चलते अनुशासनात्मक कार्रवाई भी किया गया । समीक्षा बैठक में बलौदा बाजार विधान सभा महासचिव हेतु धीरेन्द्र जायसवाल को दायित्व सौंपा गया वही ब्लाक उपाध्यक्ष पद पर अविनाश वाधवा को दायित्व सौंपी गई । समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के रायपुर जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, विधान सभा मिडिया प्रभारी अजय नेताम, बलौदा बाजार विधानसभा प्रभारी धीरेंद्र जायसवाल , ब्लाक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, ब्लाक उपाध्यक्ष अविनाश वाधवा, ब्लाक महासचिव सौरभ यादव ,सिमगा ब्लाक प्रभारी थानेश्वर साहू , दिलीप वर्मा , राजेन्द्र साहू ,पवन बघेल शिवा नंद निर्मलकर ,सोनू पंजवानी सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे ।



न्यायालय नजूल अधिकारी
सूरजपुर -जिला (छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202303262000003 / अ-20(1)


इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण.आम जनता / संस्था / विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जोखनलाल साहू आ. स्व. शेषमन, लगभग 70 वर्ष, जाति तेली, निवासी वार्ड नम्बर 05, सूरजपुर, तहसील व जिला-सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1965/1 रकबा 5005 व.फी. भूमि का लीज अवधि दिनांक- 31.03.1996 को समाप्त हो जाने से लीज नवीनीकरण/ कर पुनः निर्धारण किये जाने का निवेदन किया गया है,जिसमें जांच प्रतिवेदन की कार्यवाही हेतु प्रकरण लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था,/विभाग को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा / आपत्ति दिनांक 11 /04/2023 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी सूरजपुर

# भुरसुदा में मंदिर व घरों में ज्योति कलश स्थापित



- संवाददाता -
तिल्दा -नेवरा,26 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्र पर मंदिर में पूजा, अर्चना के बाद मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए।मांदर की थाप और जसगीतों की गुंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नौ दिन का उपवास भी शुरु किया।गांव में माता की जसगीत गाने वाली मंडलियां जसगीत गाने रात्रि में मंदिर व घरों में जाकर माता के जसगीत गाते हैं। नवरात्रि पर्व पर तिल्दा-नेवरा ग्रामीण क्षेत्र के प्रसिद्ध रणबौर देव धाम मंदिर भुरसुदा में 162 ज्योत तथा शीतला माता मंदिर में 08 ज्योत जलाई गई है।गांव में ही केजऊ यादव ,मोहित साहू , सुखदेव साहू के घर में भी ज्योत जलाई गई है। जिसमें तेल ज्योति और जवारा शामिल हैं।रणबौर देव धाम मंदिर ट्रस्ट भुरसुदा के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद वर्मा,मंदिर के पंडा गणपत यादव, कृपाराम विश्वकर्मा, रामाधार नायक, चंद्रकुमार साहू ,आदि लोग सेवा कर रहे हैं।



आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र
निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.
प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011
Advt.B.19.3.23

# चेन्नई सुपर किंग्स की गुजरात टाइटंस से टक्कर

### » ऐसी हो सकती है धोनी की प्लेइंग 11

**अहमदाबाद,26मार्च2023।** पिछले साल आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में नाकाम रही चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इस बार कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरेगी। चेन्नई सुपर किंग्स इस सीजन का पहला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। गुजरात गत वर्ष की चैम्पियन टीम है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 31 मार्च को यह मुकाबला खेला जाएगा। इसके साथ ही लीग का आगाज हो जाएगा। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पहले मैच में किन खिलाड़ियों को मैदान पर उतारेगी, यह देखने वाली बात होगी।




### ओपनर बल्लेबाज

ओपनिंग स्लॉट के लिए पिछले कुछ सालों से चेन्नई को ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में एक बेहतरीन बल्लेबाज मिला है। उन्होंने आईपीएल में शतक भी लगाया है। घरेलू क्रिकेट में भी वह धाकड़ रहे हैं। बतौर ओपनर पहले मैच में गुजरात के खिलाफ वही खेलें, तो बेहतर रहेगा। उनके अलावा दूसरे ओपनर के तौर पर न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे का नाम रहेगा। वह हाल ही में भारत दौरे पर तूफानी बल्लेबाजी करने में सफल रहे थे। इस तरह ऋतुराज और कॉनवे के रूप में दो ओपनर चेन्नई के लिए होंगे।

### बल्लेबाज और ऑल राउंडर

बल्लेबाजी में चेन्नई के पास ऑल राउंडरों की बड़ी भूमिका रहेगी। विशुद्ध रूप से अम्बाती रायडू और महेंद्र सिंह धोनी बल्लेबाज हैं। तीसरे स्थान पर खेलन के लिए शिवम दुबे को लाया जाना चाहिए। उनके बाद अम्बातु रायडू का नम्बर आता है। नम्बर पांच पर एक और ऑल राउंडर बेन स्टोक्स को बल्लेबाजी करानी चाहिए और उनके बाद फिनिशर महेंद्र सिंह धोनी खेल सकते हैं। जडेजा की भूमिका नम्बर सात पर काफी अहम रहने वाली है। इस तरह चेन्नई के पास बल्लेबाजी क्रम में काफी बेहतरीन नाम हैं।

### गेंदबाजी विभाग

मुख्य गेंदबाजों में दीपक चाहर और काइल जेमिसन का नाम अहम है। चाहर के पास स्विंग है। वहीं जेमिसन अपनी लम्बाई का फायदा उठाते हुए उछाल और गति प्राप्त करते हैं। पिछले साल धमाका करने वाले मुकेश चौधरी भी इस सूची में होने चाहिए। बतौर स्पिनर माहीश तीक्ष्णा को शामिल किया जा सकता है। तीक्ष्णा और जडेजा स्पिन गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

## आरसीबी के लिए शतक बनाने वाला बल्लेबाज चोटिल

### आईपीएल से पहले टूटा फैंस का दिल

आईपीएल का 16वां सीजन शुरू होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। 31 मार्च से चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। ऐसे में इस सीजन भी फैंस को टीम से खासी उम्मीदें होंगी। लेकिन आईपीएल शुरू होने से ठीक पहले फैंस को बड़ा झटका लगा है।




रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए 2022 आईपीएल में बल्ले से रनों की बारिश करने वाले रजत पाटीदार चोटिल हो गए हैं। साल 2022 में विकेटकीपर लवनिथ सिसोदिया के चोटिल होने के बाद आरसीबी ने पाटीदार को अपने साथ जोड़ा था। पाटीदार ने इस मौके का फायदा उठाते हुए शानदार शतक लगाने का भी काम किया। ऐसे में पाटीदार के चोटिल होने से टीम को मिडल ऑर्डर में उनकी कमी खल सकती है।

### ग्लेन मैक्सवेल भी नहीं है पूरी तरह फिट

रजत पाटीदार के अलावा टीम के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल भी चोटिल हैं। मैक्सवेल ने खुद अपनी फिटनेस का अपडेट देने का काम किया है। आरसीबी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में मैक्सवेल ने बताया कि पैर ठीक है। मुझे 100 परसेंट ठीक होने में कुछ महीने लगेंगे। रजत पटीदार और ग्लेन मैक्सवेल की गैर मौजूदगी में आरसीबी की बल्लेबाजी निश्चित तौर पर कमजोर दिखाई पड़ रही है। भारत के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल था और उन्होंने पहला वनडे खेला भी था। मैक्सवेल आरसीबी से भी जुड़ चुके हैं, लेकिन वह अपना कब से मैच खेलते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

### आईपीएल 2023 के लिए ऐसी है आरसीबी की टीम

विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डू प्लेसिस (कप्तान), हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, शाहबाज अहमद, रजत पाटीदार, अनुज रावत, आकाश दीप, जोश हेजलवुड, महिपाल लोमरोर, फिन एलेन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव, माइकल ब्रेसवेल।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने लॉन्च की अपनी नई जर्सी

### अब इस लुक में नजर आएंगी शाहरुख खान की टीम

आईपीएल 2023 का आगाज 31 मार्च से होने जा रहा है। इस लीग से पहले सभी 10 टीमें अपनी नई जर्सी का अनावरण कर रही है। हाल ही में आईपीएल इतिहास के दो बार की चैंपियन टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस सीजन से पहले अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। इस दौरान केकेआर के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के अलावा रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे युवा खिलाड़ी भी मौजूद रहे।

दरअसल, कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर आईपीएल 2023 (ढ्ढक्क 2023) से पहले उन्होंने अपनी नई जर्सी का अनावरण किया है। वायरल वीडियो की शुरुआत में आंद्रे रसेल समेत कई खिलाड़ी जर्सी पहने नजर आ रहे है। जर्सी का रंग पर्पल और गोल्डन से अलग नहीं है। केकेआर ने पोस्ट के साथ कैप्शन में इस बात का जिक्र किया है कि पर्पल और गोल्ड में ही नई जर्सी लॉन्च।




केकेआर का पहला मुकाबला 1 अप्रैल को मोहाली के पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी। पिछले सीजन में केकेआर टीम प्लेऑफ में अपनी जगह नहीं बना पाई थी। टीम अपने 14 मैचों में 6 जीत और आठ हार के साथ 12 अंक लेकर अंकतालिका में सातवें स्थान पर रही थी। इस सीजन के लिए कुल 8 विदेशी खिलाड़ी सहित कुल 22 खिलाड़ी शामिल है। आईपीएल 2023 के सीजन से पहले केकेआर टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और कप्तान श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के बाद केकेआर कैंप में अब बल्लेबाज नितीश राणा भी चोटिल हो गए। प्रैक्टिस के दौरान एक गेंद उनके एंकल पर जाकर लग गई जिसके बाद वह तुरंत मैदान से बाहर चले गए।

कोलकाता नाइट राइडर्स का स्क्वॉड- श्रेयस अय्यर (कप्तान, फिलहाल चोटिल), आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन, नीतीश राणा, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, टिम साउदी, उमेश यादव, अनुकूल रॉय, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, रहमानुल्लाह गुरबाज, हर्षित राणा, लिटन दास, कुलवंत खेजोरोलिया, सुयश शर्मा, नारायण जगदीशन, वैभव अरोड़ा, शाकिब अल हसन, डेविड वीजे, मनदीप सिंह

# चिराग शेट्टी-सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी ने स्विस ओपन पुरुष युगल का खिताब जीता

**बासेल,26मार्च 2023।** राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने रविवार को बासेल में स्विस ओपन पुरुष बैडमिंटन युगल खिताब जीतने के लिए चीन के तांग कियान और रेन यू जियांग को हराया।

बैडमिंटन रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज शेट्टी-रंकीरेड्डी ने विश्व की 21वें नंबर की चीनी जोड़ी को 21-19, 24-22 से हराकर 2023 बैडमिंटन सत्र का अपना पहला खिताब जीता।

दोनों साझेदारों ने एक निर्धारित रवैये के साथ मैच में प्रवेश किया और शुरुआती एक्सचेंजों में अनम्य थे। कियांग और जियांग यू ने पांचवां अंक हासिल करने के लिए 47-शॉट की रैली सहित एक मजबूत रक्षात्मक प्रयास किया, लेकिन शेट्टी और रंकीरेड्डी ने सुपर 300 चैंपियनशिप का पहला गेम जीतने के लिए अपनी बढ़त बनाए रखी।



यह पहली बार था जब टैन कियांग और रेन जियांग यू ने स्विस ओपन 2023 में एक गेम ड्राप किया था। दूसरे गेम में भी दोनों टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था। भारतीयों ने शेट्टी के दमदार स्मैश और रंकीरेड्डी के सटीक टच की वजह से स्कोर 11-11 से बराबर होने के बाद तीन अंकों की बढ़त बनाई। कियांग और जियांग यू ने वापसी करने के प्रयास में आक्रामक स्ट्रोक की एक श्रृंखला शुरू की।

शेट्टी और रंकीरेड्डी ने चार मैच प्वाइंट बचाकर 54 मिनट में मैच जीत लिया। इससे पहले शनिवार को शेट्टी और रंकीरेड्डी मौजूदा स्विस ओपन 2023 के फाइनल में पहुंचे थे। चिराग और सात्विकसाईराज ने ओंग यू सिन और टियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी को हराया था। दुनिया की छठे नंबर की भारत की युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के शिखर मुकाबले में अपनी जगह पक्की करने के लिए बेहद प्रतिस्पर्धी सेमीफाइनल मैच में अपने विश्व नंबर आठ विरोधियों को 21-19, 17-21, 21-17 से हराया।

शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी का पिछला बैडमिंटन विश्व महासंघ खिताब अक्टूबर में फ्रेंच ओपन 2022 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आया था। इसके बाद, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के अगले सप्ताह मैड्रिड में स्पेन मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में भाग लेने की संभावना है।

## देर से किए गए जोसेलू के दो गोल ने यूईएफए यूरो 2024 क्वॉलिफायर में नॉर्वे के खिलाफ स्पेन की जीत सुनिश्चित की

**मलागा ,26मार्च 2023।** 32 वर्षीय स्पेनिश स्ट्राइकर जोसेलु के अपने पदार्पण पर देर से किए गए दो लक्ष्यों ने रविवार को ला रोजालेडा स्टेडियम में यूईएफए यूरो 2024 क्वालीफायर में नॉर्वे के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की।

दानी ओल्मो ने खेल के 13वें मिनट में बॉक्स के अंदर एक चुटीली फिनिश के साथ गतिरोध को तोड़ दिया। नॉर्वे ने हर गुजरते मिनट के साथ आक्रमण की तीव्रता को बढ़ाकर वापसी करने की कोशिश की। वे कुछ ओपनिंग बनाने में सफल रहे लेकिन ठीक उसी समय समाप्त हो गए। उनके हमले के बाकी खतरे को स्पेनिश गोलकीपर केपा अरियाज़बलागा ने निष्प्रभावी कर दिया।



शेष खेल अवसरों के मामले में काफी तटस्थ था लेकिन निर्णायक क्षण तब आया जब खेल के 81वें मिनट में स्पेन के प्रबंधक लुइस डे ला फुएंते ने गोल किया। एस्पेनयॉल के स्ट्राइकर ने खेल पर अपना प्रभाव दिखाने के लिए एक भी पल बर्बाद नहीं किया। मेजबान टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, बीच में कुछ पास दिए और फिर गेंद को फेबियन रुइज़ के पास भेजा जिन्होंने जोसेलु को खोजने के लिए एक स्वादिष्ट क्रॉस का उत्पादन किया। अनुभवी स्ट्राइकर ने हेडर से नेट के पीछे खोजने में कोई गलती नहीं की।

कुछ ही पलों के बाद सुपर सब ने अपनी प्राकृतिक स्ट्राइकर प्रवृत्ति से थोड़ी मदद के साथ अपनी टीम के लिए जीत को सील कर दिया।

# फिर बनेगी अक्षय-जॉन की जोड़ी




बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि देसी बॉयज का सीक्वल बनने जा रहा है और सिक्वल यानी देसी बॉयज 2 में सेम कास्ट नजर आने वाले है। आपको बता दे, फिल्म देसी बॉयज में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ दीपिका पादुकोण और चित्रागंदा सिह भी थीं।

फिल्ममेकर आनंद पंडित ने कहा कि उनकी फर्म कई भाषाओं में कई फिल्मों पर काम कर रही है। उनके पास देसी बॉयज 2, द बिग बुल, सरकार 4 और ओमकारा का रीमेक है। हमने फिल्म वीर सावरकर भी पूरी की है। फिल्म देसी बॉयज 2 में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की वापसी पर आनंद पंडित ने कहा, मैं सेम कास्ट या नई कास्ट या मिक्स एंड मैच कास्ट के बारे में सुनिश्चित नही हूं क्योंकि मैं इसे युवा फिल्म के तौर पर बनाना चाहता हूं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार के पास कई फिल्में हैं। वह बड़े मियां छोटे मियां,गोरखा, ओएमजी 2, कैप्सूल गिल जैसी कई फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। वहीं जॉन अब्राहम पिछली बार फिल्म पठान में काम करते दिखाई दिए थे। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। अब जॉन अब्राहम फिल्म तेहरान में नजर आएंगे।

## शाकुंतलम का नया पोस्टर हुआ आउट,सामंथा की खूबसूरती देख दीवाने हुए फैंस



साउथ इंजस्ट्री की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस समांथा रूथ प्रभु को कौन नहीं जानता. सामंथा रुथ प्रभु प्रेजेंट में अपनी अगली फिल्म शाकुंतलम के प्रमोशन में बिजी हैं, जो 14 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. जब से एक्ट्रेस ने फिल्म से अपना पहला लुक शेयर किया है, फैंस बड़े पर्दे पर उनको देखने के लिए बेहद एक्साईटेड हैं. इन सबके बीच समांथा रूथ प्रभु ने हाल ही में शाकुंतलम का एक और पोस्टर पोस्ट किया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. ऑन अप्रिलवी लिक्निबिओ ट्रेलर आफ शाकुंतलम

आपको बता दें कि, सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म के नए पोस्टर को शेयर किया और लिखा हम तैयार हैं. वास्तव में इस बार वास्तव में तैयार हैं! और सिनेमाघरों में आप सभी से मिलने और शाकुंतलम ऑन अप्रिलवी लिक्निबिओ ट्रेलर आफ शाकुंतलम की दुनिया में आपका स्वागत करने के लिए बहुत उत्साहित हैं. बता दें कि, तस्वीर में सामंथा सफेद साडी पहने घास पर लेटी नजर आ रही हैं. दिलचस्प बात यह है कि शाकुंतलम का नया पोस्टर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, और सामंथा रुथ प्रभु के फैंस उनके खूबसूरत लुक को देखकर खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. एक यूजर ने एक्ट्रेस की फोटो पर कमेंट किया, सैम के सभी फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट इंतजार कर रहा है.एक अन्य फैन ने लिखा, आप इतनी खूबसूरत लग रही हो सैम फिल्म देखने का इंतजार कर रहे हैं. फिर भी एक अन्य फैन ने कहा, इंतजार नहीं कर सकता.




# जितेंद्र कुमार की कोटा फैक्ट्री 3 का टीजर जारी

अभिनेता जितेंद्र कुमार की वेब सीरीज कोटा फैक्ट्री और कोटा फैक्ट्री 2 को दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला था। ऐसे में जब से कोटा फैक्ट्री 3 का ऐलान हुआ है, तब से प्रशंसक इसकी रिलीज का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। इसमें मयूर मोरे, रंजन राज, आलम खान, अहसास चन्ना सहित अन्य कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे। अब नेटफ्लिक्स ने कोटा फैक्ट्री 3 का टीजर जारी किया है, जिसे देख लोगों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। टीजर जारी कर नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, रिजल्ट्स आ गए हैं। अपने कैलेंडर को मार्क कर लें, क्योंकि कोटा फैक्ट्री का तीसरा सीजन जल्द आने वाला है। नेटफ्लिक्स पर कोटा फैक्ट्री का तीसरा सीजन लौट रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सीरीज 17 जुलाई को रिलीज होगी। खास बात ये है कि रंगीन जमाने में ये शो ब्लैक एंड व्हाइट में है। कोटा फैक्ट्री पहली बार साल 2019 में टीवीएफ ऐप और टीवीएफ यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया था। 2021 में मेकर्स ने कोटा फैक्ट्री सीजन 2 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया था। और अब, सीजन 3 भी नेटफ्लिक्स पर ही स्ट्रीम होगा।

कोटा फैक्ट्री राजस्थान के कोटा में स्थित है, जो अपने कोचिंग सेंटरों के लिए प्रसिद्ध एक शिक्षा केंद्र है। यह शो उन छात्रों के इर्द गिर्द बुना गया है जो आईआईटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।













CMYK

# राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने पर प्रदर्शन

## मुंह पर कपड़ा और ताला लगाकर पहुंचे विधायक विकास उपाध्याय

» जांच से क्यों मोदी सरकार भाग रही है?

» जब हम अडानी से सवाल कर रहे हैं तो बीजेपी अडानी का बचाव क्यों कर रही है?




**रायपुर,26मार्च 2023(ए)।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के बाद कांग्रेस इसका जमकर विरोध कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर एमपी और छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन किया जा रहा है। राजधानी रायपुर में पश्चिम विधायक और संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिरीश दुबे, महापौर एजाज ढेबर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोदी सरकार के खिलाफ संसदीय सचिव विकास उपाध्याय मुंह में ताला लगाकर प्रदर्शन करने पहुंचे। उनके हाथ में एक पोस्टर है, जिसमें लिखा है कि अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके हैं ? जांच से क्यों मोदी सरकार भाग रही है? जब हम अडानी से सवाल कर रहे हैं तो बीजेपी अडानी का बचाव क्यों कर रही है?

दरअसल, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आज महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने एक दिवसीय सत्याग्रह कर रहे हैं। पार्टी के अनुसार, राहुल गांधी के प्रति एकजुटता दिखाते हुए यह 'संकल्प सत्याग्रह' सभी राज्यों और जिलों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने हो रहा है। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं।

दिल्ली में कांग्रेस संकल्प सत्याग्रह कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल और अन्य नेता संसद सदस्य के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता के विरोध में राजघाट पहुंचे। पहले तय किया गया था कि, राजघाट पर गांधी समाधि के पास सरकार के खिलाफ ये प्रदर्शन होगा। हालांकि, राजघाट के अंदर गांधी की समाधि पर अनुमति न मिलने की वजह से कांग्रेस राजघाट के सामने गांधी दर्शन स्मारक के बाहर प्रदर्शन कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा बीजेपी राहुल गांधी को बोलने नहीं दे रही है। राहुल गांधी देश और जनता के हक के लिए लड़ रहे हैं और हम रुकेंगे नहीं। आज हम गांधी स्मारक जा रहे हैं और वहां सत्याग्रह करेंगे। राहुल गांधी लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ रहे हैं। वहीं प्रियंका गांधी ने भी केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज तक हम चुप रहे हैं तो आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मुझ पर केस लगा दो, लेकिन सच ये है कि इस देश का प्रधानमंत्री कायर है।

मेरा भाई पीएम के पास गया, उन्हें गले लगाया और कहा कि मुझे आपसे नफरत नहीं है। हमारी विचारधारा अलग है लेकिन हमारे पास नफरत की विचारधारा नहीं है। क्या भगवान राम और पांडव परिवारवादी थे। हमारा परिवार देश के लिए शहीद हुआ तो क्या हमें शर्म आनी चाहिए। देश की संपत्ति लूटी जा रही है, आपकी संपत्ति एक आदमी को दी जा रही है। ये राहुल गांधी की नहीं बल्कि आपकी संपत्ति है। ये पीएसयूएस किसके हैं? ये आपके हैं। यहीं से आपका रोजगार आता है।

ये पूरी सरकार, मंत्री-सांसद एक आदमी को बचाने की क्यों कोशिश करते हैं? इस अडानी में है क्या? हजारों करोड़ उनकी शेल कंपनियों में हैं लेकिन आप जांच नहीं कर सकते! ये अडानी है कौन? जिसका नाम आते ही आप सब बौखला जाते हैं! इस देश के लोकतंत्र को मेरे परिवार के खून ने सींचा है। जो सोचते हैं कि हमें अपमानित कर, एजेंसियों से छापे मरवाकर हमें डरा देंगे, वो गलत सोचते हैं।

संसद में मेरे शहीद पिता का अपमान किया। शहीद के बेटे को 'मीर जाफर' कहा गया। बीजेपी के सीएम कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं? पीएम भरी संसद में 'नेहरू सरनेम' पर सवाल उठाते हैं? आप पर तो कोई केस नहीं होता, आपकी सदस्यता रद्द नहीं होती।

राजस्थान सीएम अशोक गहलोत ने कहा 2017 में जब बीजेपी गुजरात चुनाव हार रही थी, तब मोदी जी ने वहां कांग्रेस के खिलाफ ओबीसी कार्ड खेला था। मोदी जी आज फिर ओबीसी को गुमराह करने का अभियान चलाना चाहते हैं। मैं खुद ओबीसी से हूं और सीएम हूं। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ओबीसी से हैं। इससे बड़ा सबूत क्या होगा।




# गोधन न्याय योजना को मिला एक और राष्ट्रीय अवार्ड

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रायपुर,26मार्च2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को फिर से एक राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने प्रदेशवासियों एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

दिल्ली टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को ई-गवर्नेंस अवार्ड 2022 से नवाजा गया है। यह पुरस्कार कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया (स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ऑन ई-गवर्नेंस) द्वारा दिया जाता है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से यह पुरस्कार कृषि विभाग के संयुक्त संचालक आर एल खरे ने ग्रहण किया। गोधन न्याय योजना को राज्य और प्रोजेक्ट केटेगरी में चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना को पूर्व में ''स्कॉच गोल्ड अवार्ड'' और राष्ट्रीय स्तर पर एलेट्स इनोवेशन अवार्ड'' भी मिल चुका है।

# एएसआई टांडेकर के रिश्वत मामले का उजागर

» मामला उजागर होने के बाद माफी मांगने भी पहुंचा



यदि पूरा पैसा नहीं दोगे,तो वो उसकी गाड़ी हाईकोर्ट से भी नहीं छूटने देगा

**रायपुर/दुर्ग,26मार्च 2023 (ए)।** पहले एएसआई ने रिश्वत ली,उसके बाद उनसे माफी मांगने पहुंचा जिससे उसने रिश्वत ली थी। हालांकि ये मामला मार्च के पहले सप्ताह का था, लेकिन अब यह वीडियो सोशल मीडिया में ट्रेंड कर रहा है। यह एएसआई दुर्ग में पदस्थ था। घटना सामने आने के बाद दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने एएसआई को लाइन अटैच कर दिया था।

मामला ऐसा है कि एएसआई नंद लाल टांडेकर ने सुखवंत सिंह से उसका ट्रक छोड़ने के एवज में रिश्वत ली। उसके बाद जब मामला उजागर होने लगा, तो वो उसके घर जाकर पैरों में गिर गया। उसकी ये करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सुखवंत सिंह ने मीडिया को बताया कि लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने के जुर्म में उनकी गाड़ी को भिलाई तीन पुलिस ने पकड़ा था। जब उसने न्यायालय में चालान जमा करने की बात कही, तो वहां पदस्थ एएसआई नंदलाल टांडेकर ने 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। एएसआई ने कहा था कि, जब तक रुपए नहीं दोगे। तब तक गाड़ी की सुपुर्द नहीं करेंगे। इसके बाद सुखवंत सिंह ने 2 हजार रुपए क्यूआर कोड के माध्यम से 3200 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया। नंदलाल ने सुखवंत को धमकी दी थी कि यदि पूरा पैसा नहीं दोगे, तो वो उसकी गाड़ी हाईकोर्ट से भी नहीं छूटने देगा। मामले की शिकायत सुखवंत सिंह ने एसीबी रायपुर में की थी, साथ ही साथ पूरे मामले का स्टिंग ऑपरेशन भी कर लिया था।

जब एसीबी से कार्रवाई नहीं हुई, तो उसने मामले की शिकायत दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव से की। एसपी ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जैसे ही एएसआई टांडेकर को इस बात का पता चला, वो सुखवंत सिंह के पैरों में गिरकर माफी मांगने उसके घर चला गया।

### 6 मार्च की रात अन्य सिपाही के साथ पहुंचा था एएसआई

6 मार्च 2023 की रात एएसआई नंदलाल टांडेकर एक अन्य पुलिस कर्मी अरविंद मेढ़े के साथ सुखवंत सिंह के घर पहुंचा था। उसने डोरबेल बजाई, तो सुखवंत सिंह की पत्नी ने दरवाजा खोला। पत्नी के बुलाने पर जैसे ही सुखवंत सिंह कमरे से बाहर कार पोर्च में पहुंचे एएसआई टांडेकर उनके पैरों में जमीन पर ही लोट गया। कुछ समय तक अपनी करनी के लिए माफी मांगने के बाद वो सुखवंत के साथ अंदर कमरे में चला गया।

सुखवंत सिंह ने बताया कि एएसआई टांडेकर एक सिपाही के साथ आया था। हाथ-पैर जोड़कर माफी मांग रहा था। उसने कहा कि मेरी पत्नी बीमार है। मेरी बहन ने खुदकुशी कर ली है। आप एक बार माफ कर दो। आगे से दोबारा ऐसा नहीं होगा। मैं आपको पहचान नहीं पाया था। वो अपनी पत्नी के जेवर लेकर भी पहुंचा था। जैसे ही वो जेवर देने लगा, तो मैंने उसे वहां से भगा दिया।

# एलायंस एयर के मनमाने किराया बढ़ोतरी पर हाईकोर्ट का चला हंटर

» केंद्र सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी को नोटिस जारी

**बिलासपुर ,26मार्च 2023 (ए)।** बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट बंद करने और बिलासपुर के साथ मनमाने व्यवहार को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है. हाईकोर्ट ने एलायंस एयर के मनमाने किराया बढ़ोतरी पर लगी याचिका पर एलायंस एयर, केंद्र सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी को नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने एयरपोर्ट को दी जाने वाली जमीन के लिए रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार से जानकारी भी मांगी है. जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस सैम पी कोषी की खंडपीठ ने हाईकोर्ट प्रेक्टिसिंग एडवोकेट बार एसोसिएशन की तरफ से लगाई गई जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए भोपाल, इंदौर की फ्लाइट को 4-5



माह में बंद करने को लेकर कोर्ट ने कड़ा एतराज जताया है. बता दें कि, हाईकोर्ट प्रैक्टिसिंग बार एसोसिएशन द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अनुसार उड़ानें एक साल के पहले बंद नहीं की जा सकती. लेकिन भोपाल और इंदौर की उड़ान चार और पांच माह में बंद कर दी गई. साथ ही एलायंस एयर के द्वारा दिल्ली का किराया 23 हजार रुपए तक वसूलने का सवाल उठाया गया है. यह इसलिए क्योंकि उड़ान योजना की गाइड लाइन एक निश्चित किराए से अधिक किराया न होने को तय करती है. इस मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सरकारी एयरलाइंस कंपनी एलाइंस एयर को नोटिस जारी किया है, मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी.



# सड़क दुर्घटना में दो बालिकाओं के निधन पर सीएम ने जताया शोक

» परिजनों के लिए सहायता का ऐलान

**रायपुर,26मार्च 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सारंगढ़-बिलाईगढ जिला अंतर्गत सारंगढ़ तहसील के ग्राम बटाउपाली (ब) में हुई सड़क दुर्घटना में दो बालिकाओं की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में घायल बालिकाओं के त्वरित उपचार के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर दुर्घटना में मृत बालिकाओं के परिवारजनों को 25-25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगढ़ तहसील के ग्राम बटाउपाली (ब) में हुई सड़क दुर्घटना में 02 बलिकाओं की मृत्यु और 04 बालिकाएं घायल हो गयी। मृतक बालिका कविता सिदार पिता रुखमन सिदार उम्र 10 वर्ष एवं अंजू सिदार पिता सुखदेव सिदार उम्र 15 वर्ष की मृत्यु पर जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता के रूप में 25-25 हजार रूपए का चेक परिजनों को दिया गया।

घायलों में राखी सिदार पिता प्रेम लाल सिदार उम्र 16 वर्ष को तत्काल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया, जहां अस्पताल में भर्ती कर समुचित उपचार किया जा रहा है। अन्य घायल बलिकाओं डिंकी गोंड, अंतरा सिदार और भारती सिदार का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में उपचार किया जा रहा है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के सारंगढ़ में एक तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे चल रही 6 बच्चियों को रौंद दिया था। घटना में दो बच्चियों की मौके पर मौत हो गई। एक कि हालत गंभीर है और तीन अन्य को भी चोट आई है। घटना के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज,

### रेप केस में कोर्ट का बड़ा झटका



**जांजगीर चांपा,26मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल की रेप केस कोर्ट में दाखिल अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई है। जांजगीर विशेष न्यायाधीश केआर रिंगरी ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

बता दें, कि नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल के खिलाफ रायपुर के महिला थाने में दैहिक शोषण की शिकायत पर जुर्म दर्ज किया गया है। पीड़िता जांजगीर चांपा जिले की रहने वाली है। पलाश और पीड़िता के बीच फेसबुक के जरिए संपर्क हुआ था। पीड़िता के मुताबिक 2018 के बाद दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। इसके बाद पलाश ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ लगातार संबंध बनाए। 2021 में जब महिला गर्भवती हुई तो गर्भपात की दवा खिला दी। इसके बाद दोनों के बीच नोक झोंक बढ़ गई और अब पीड़िता ने पलाश के खिलाफ शिकायत दर्ज कर दी। बीते 19 जनवरी को पीड़िता ने रायपुर के महिला थाने में पलाश चंदेल के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज होने के बाद से आरोपी ने मामले में हाईकोर्ट में रिट पिटिशन दायर कर अपने खिलाफ हुए एफआईआर को निरस्त करने की मांग की थी।

# स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार तत्पर

## एसईसीएल से कोल लिंकेज पर मुख्यमंत्री ने कही ये बात

**रायपुर ,26मार्च 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आये स्टील उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार तत्त्पर है। स्टील उद्योग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्टील उद्योग को बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी महंगी बिजली का संकट सामने आ जाता है, कभी ईंधन का संकट सामने आ जाता है, कभी सस्ते




कच्चे माल की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस की जाती है, तो कभी कोरोना और लॉकडाउन का संकट सामने आ जाता है। लेकिन कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सरकार की नीति की वजह से उद्योग बंद नहीं हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को भले घाटा हो लेकिन हमने आपको बिजली में छूट दी ताकि उद्योग अच्छे से चलते रहें। हमारे राज्य से कोयला पूरे देश में जाता है, कोरोना काल मे हमने कोयला की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी। मैं रायपुर सांसद के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि एसईसीएल से स्टील व्यवसायिओं को कोल लिंकेज मिलना चाहिए।

# गजराला सत्यनारायण रेड्डी उर्फ गोपन्ना जेल से रिहा

**जगदलपुर,26मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पुलिस की फाइल में मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल रहे बस्तर में लंबे समय से माओवादी संगठन में सेंट्रल कमेटी मेंबर नक्सली नेता गजराला सत्यनारायण रेड्डी उर्फ गोपन्ना मरकाम को शनिवार को सभी आरोपों से बरी करते हुए केंद्रीय जेल जगदलपुर से रिहा कर दिया गया है। पुलिस उनके ऊपर लगे 18 से अधिक मामलों में से एक भी मामला सिद्ध नहीं कर पाई और सभी आरोप निराधार पाते हुए न्यायालय ने नक्सली नेता गोपन्ना मरकाम को रिहा करने के निर्देश दिए और शनिवार को केंद्रीय जेल जगदलपुर से गोपन्ना को रिहा कर दिया गया है।

# शासकीय आवासों में अवैध कब्जा और अनैतिक कृत्य

### बृजमोहन अग्रवाल ने खड़े किए सवाल

**रायपुर,26मार्च 2023 (ए)।** राजधानी रायपुर के शांति नगर स्थित सिंचाई कॉलोनी में शासकीय सेवकों के लिये निर्मित शासकीय आवासों में अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इनके द्वारा परिसर का माहौल खराब करने के साथ-साथ संदिग्ध घटनाओं को भी अंजाम दिया जा रहा है। इस कॉलोनी के अंतर्गत मकान नं. जी-42, जी-43, जी-46, जी-48, जी-49, जी-50, जी-51 एवं एच-112 को शासन द्वारा पुनर्निमाण हेतु खाली कराया गया, किन्तु उनमें 1 वर्ष से अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसके कारण वहां निवासरत लोग मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं एवं डर के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।वहां



अप्रिय घटना घटने की प्रबल संभावना है। राज्य सरकार को इसकी शिकायत प्राप्त होने के बावजूद भी अब तक कोई कार्यवाही नही की गयी। इसके कारण परिसर में रह रहे शासकीय कर्मचारियों में सरकार के प्रति काफी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है। यह बात बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से कही थी।

# अरिजीत सिंह को फैंस पर आया गुस्सा

### अगर मुझे गाने नहीं दे रहे न तो भाड़ में गया

**रायपुर,26मार्च 2023 (ए)।** राजधानी में शनिवार देर रात तक चले मशहूर बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह के लाइव कॉन्सर्ट शो में रायपुरियंस उनके फेमस गानों पर झूमते रहे। अरिजीत की बैंड टीम अपनी जादुई म्यूजिकल बिट्स के साथ बॉलीवुड सॉन्ग को स्टेज पर रीक्रिएट कर रही थी। इस बीच कुछ ऐसा भी हुआ जिसकी वजह से अरिजीत सिंह को गुस्सा आया और उन्होंने अपनी नाराजगी लोगों पर जाहिर भी की है।

स्टेज रैंप के आसपास मौजूद हजारों की भीड़ लगातार हूटिंग कर रही थी। अरिजीत सिंह से ऑटोग्राफ और सेल्फी के लिए रिक्वेस्ट की जा रही थी। भीड़ के बीच बने रैंप में जब अरिजीत गाना गाते हुए पहुंच रहे थे तो लोगों की हूटिंग की वजह से बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह का ध्यान भटक रहा था। पहले तो उन्होंने इग्नोर करते हुए परफॉर्म किया। फिर उन्होंने शो बीच में कुछ देर के लिए रोका और लोगों को सख्त अंदाज में समझाइश दी।



### अरिजीत सिंह ने क्या कहा

मुझे ये सब पसंद नहीं है। आपको पसंद है। मुझे अच्छा लगता है जब आप मेरे लिए ऐसा करते हो। मुझे ऑर्ड लगता है। क्योंकि मुझे आदत नहीं है। बहुत खुशी भी होती है। मगर सिंगिंग से ऊपर नहीं है ये खुशी। अगर मुझे गाने नहीं दे रहे न तो भाड़ में गया. वही मेरे को आता है। तो ये खुशी नहीं चाहिए फिर भैया थैंक्यू अगर गाने ही नहीं दोगे। गा लूं ? लोगों ने हां की आवाज में शोर किया। फिर अरिजीत ने कहा- मैं वादा करता हूं मेरा गाना हो जाएगा तो कोशिश करूंगा कि, सबको ऑटोग्राफ देने दूं..आप लोग इतना सिर पर मत आ जाओ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)